दैनिक **नव प्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 23 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष चार्तुदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-289 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

चीन में जन्मे कोरोना के नए वैरिएंट बीफ-7 ने देखते ही देखते दुनिया के आधा दर्जन देशों में अपने पांव पंसार लिए है। चीन में तो हालात भयावह हो चुके है। भारत में भी इस नए वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। सरकार ने एहतियाती कदम उठने शुरू कर दिए है लेकिन इसपर राजनीति भी शुरू हो गई है। बेहतर होगा कि केन्द्र सरकार कोरोना के संभावित खतरे को मद्देनजर रख कर तत्काल पूरे देश के लिए नए कड़े दिशा निर्देश जारी करे ताकि कोरोना के नए वैरिएंट को भी हम हरा सके।

//-- सुविचार --//

अगर आप हार नहीं मानते, तो आपको कोई नहीं हरा सकता।

सूर्योदय

उदय : 7:14 प्रात:

अस्त : 5:25 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,006,813,826

भारत : 1,414,264,772

बाजार

सेंसेक्स : 60826.22

निफ्टी : 18127.30

गोल्ड : 54,980 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 70,100 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.39 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.3	13.9
बिलासपुर	29.4	11.9
जगदलपुर	39.8	12.2
अंबिकापुर	23.7	09.0

आज का दिवस

किसान सम्मान दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह 23 दिसंबर 1902 को हुआ। वह भारत के किसान राजनेता एवं पाँचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक संभाला। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। चरण सिंह का जन्म एक जाट परिवार मे हुआ था। स्वाधीनता के समय उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। इस दौरान उन्होंने बरेली कि जेल से दो डायरी रूपी किताब भी लिखी। स्वतन्त्रता के पश्चात् वह राम मनोहर लोहिया के ग्रामीण सुधार आन्दोलन में लग गए। चौधरी चरण सिंह के पिता चौधरी मीर सिंह ने अपने नैतिक मूल्यों को विरासत में चरण सिंह को सौंपा था। चरण सिंह के जन्म के 6 वर्ष बाद चौधरी मीर सिंह सपरिवार नूरपुर से जानी खुर्द के पास भूपगढी आकर बस गये थे।

सरकारी भवनों में गोबर पेंट, केंद्रीय मंत्री ने सराहा

■ सीएम भूपेश बोले- कर्मयोगी ही समझ सकता है

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच से शुरु हुई गोधन न्याय योजना का पूरा देश मुरीद हो चुका है। सीएम ने इस योजना की शुरूआत की थी जो आज पूरी तरह से सफल होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी शासकीय विभागो के लिए निर्देश जारी किया है कि अब शासकीय कार्यालयों, निगम मंडल और अन्य जितने भी सरकारी दफ्तर हैं, उनमें रंग रोगन में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल होगा। मुख्यमंत्री के इस फैसले का केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने स्वागत किया है। श्री गडकरी ने ट्वीट कर लिखा है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी विभागीय निर्माण में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल का

निर्देश छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया है, उनके इस फैसले का अभिनंदन करता हूं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ये फैसला सराहनीय और स्वागत योग्य है। सीएम ने भी ट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री गड़करी को धन्यवाद देते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं तारीफ

कई मंचों पर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्री कर चुके हैं। इसके अलावा इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। यहां तक की इस योजना के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कई राज्य अपने यहां के अधिकारियों को भी छत्तीसगढ़ के दौरे पर भेज चुके हैं।

सीएम ने दिए हैं अफसरों को ये निर्देश

बता दें कि सीएम ने सभी शासकीय विभागों, निगम-मंडलों एवं स्थानीय निकायों में भवनों के रंग-रोगन के लिए गोबर पेंट का अनिवार्यतः उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। पूर्व में जारी किए गए निर्देशों के बावजूद अभी भी निर्माण विभागों द्वारा केमिकल पेंट का उपयोग किए जाने पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। सीएम ने मुख्य सचिव को सभी विभागों, निगम-मंडलों और स्थानीय निकायों को भवनों के रंगरोगन के लिए गोबर पेंट का उपयोग अनिवार्यतः करने के निर्देश जारी करने को कहा है। श्री बघेल ने कहा है कि गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा।

देश में कोरोना का फिर बढ़ा खतरा पीएम मोदी ने ली हाईलेबल मीटिंग

■ दो घंटे तक चली बैठक में मौजूदा हालत पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारत में कोरोना अलर्ट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाईलेवल रिव्यू मीटिंग गुरूवार को हुई। यह मीटिंग तकरीबन दो घंटे तक चली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन और अमेरिका सहित विश्व के कई देशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर उच्च स्तरीय बैठक की और देश में कोविड-19 की ताजा स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रें स के माध्यम से हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और नागरिक

विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमरीका में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है। इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की थी। विश्व के कुछ देशों में पिछले दिनों कोविड-19 के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस बैठक से ठीक पहले संसद के दोनों सदनों में बयान भी दिया और कहा कि देश में स्थिति नियंत्रण में है और वैश्विक स्थिति पर सरकार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, '' पिछले तीन वर्ष में कोविड-19 ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा किया है जिससे हर देश प्रभावित हुआ है।

छग सरकार में भी एहतियात

इधर, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने नवप्रदेश से बातचीत में बताया कि हम एहतियातन सतर्कता बरतेंगे। राज्य में वैक्सीनेशन लगभग पूरा हो गया है। चीन का जो नया वेरिएंट है, उसका प्रभाव फिलहाल यहां नहीं दिखता, लेकिन राज्य सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों से भी अपील है कि कोरोना से जुड़ी प्रत्येक गाइडलाइन का पालन करें ताकि जो कालांतर में कष्ट आए है, वह न आए।

कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई

मांडविया ने कहा कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, कोविड समय-समय पर अपना स्वरूप बदल रहा है, ऐसे में टीका लेने के साथ सभी को सतर्क रहना चाहिए एवं सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहार और नये साल के मद्देनजर राज्यों को सतर्क रहकर लोगों के बीच मास्क पहनने, हाथ धोने, साफसफ ाई और सामाजिक दूरी बनाकर रखने जैसे प्रोटोकाल के प्रति जागरुकता लाने की सलाह दी गयी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है।

पनडुब्बी भ्रष्टाचार मामला

नौसेना के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की सरकार ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने किलो-श्रेणी की रूसी पनडुब्बियों के पुर्जे खरीदने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में नौसेना के सेवारत और रिटायर चार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले की जांच शुरू करने के दो महीने के भीतर पिछले साल नवंबर में आरोपपत्र दायर किया था, जिसके बाद जांच एजेंसी ने आरोपी नौसेना अधिकारियों कमांडर एसजे सिंह (सेवानिवृत्त) और तीन सेवारत कमांडर अजीत पांडे, अभिषेक कुमार और जगदीश चंदर - के खिलाफमुकदमा चलाने के लिए सरकार की मंजूरी मांगी थी। अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक साल से अधिक समय के बाद, सरकार ने आखिरकार चारों आरोपी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने को हरी झंडी दे दी, जिसका मतलब है कि अब मामले में सुनवाई जल्द शुरू हो सकती है।

बूस्टर डोज के तौर पर कोवोवैक्स बाजार में उतरने के लिए तैयार

नई दिल्ली। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कोविशील्ड/कोवैक्स की दो खुराक ले चुके वयस्कों के लिए अपने कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्स को एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) के रूप में बाजार में उतारने के लिए भारत के औषधि नियामक से मंजूरी मांगी है। एसआईआई के सरकारी एवं नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने कोवैक्स की एक खुराक वाली बूस्टर डोज को

बाजार में उतारने को मंजूरी देने का अनुरोध करने वाला आवेदन 17 अक्टूबर को भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को सौंपा है। ऐसी सूचना है कि डीसीजीआई के कार्यालय ने कुछ सवाल पूछे हैं जिनका जवाब भेजने के साथ ही सिंह ने कोरोना वायरस के नये स्वरूप के सामने आने से उत्पन्न नये हालात का जिक्र भी किया है। डीसीजीआई ने सात से 11 साल आयु वर्ग के बच्चों के लिए कोवैक्स के आपात उपयोग को जून में मंजूरी दी थी। ऐसे ही डीसीजीआई ने वयस्कों के लिए कोवैक्स टीके के आपात उपयोग को 28 दिसंबर, 2021 को और 12 से 17 साल के किशोरों के लिए नौ मार्च को मंजूरी दी थी।

सीमा विवाद के बीच भारत-चीन में 17वें दौर की वार्ता हुई

नई दिल्ली। तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया है। इस बीच भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक 20 दिसंबर को हुई है। कोर कमांडर स्तर की 17वीं दौर की बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस वार्ता करके बताया कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 17वीं

दौर की बैठक 20 दिसंबर को चुशुल मोल्दो में चीनी पक्ष द्वारा आयोजित हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया और शेष मुद्दों पर जल्द से जल्द काम करने के लिए खुलकर और गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष पश्चिमी क्षेत्र में जमीन पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने और पारस्परिक रूप से स्वीकृत संकल्प पर काम करने पर सहमत हुए। इस दौरान चीन में बढ़ते कोरोना मामलों को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है।

आईपीएल के लिए आज खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 का नीलामी आज 23 दिसंबर को कोच्चि में होना है. इसको लेकर बीसीसीआई ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. वहीं सभी टीमों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की लिस्ट भी तैयार कर ली जो ऑक्शन में उनके रडार पर होंगे. फैंस भी आईपीएल ऑक्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फैंस जानने चाहते हैं कि उनके पसंदीदा टीम में कौन-कौन से खिलाड़ी शामिल होंगे. इस बार आईपीएल

ऑक्शन में 405 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी. इसमें 273 भारतीय खिलाड़ी और 132 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे. इसमें से 119 कैप्ड और 282 अनकैप्ड खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. 132 विदेशी खिलाड़ियों में से 4 खिलाड़ी एसोसिएट देशों के हैं.

राज्यपाल से मिले 14 आदिवासी कांग्रेस विधायक, आरक्षण विधेयक में हस्ताक्षर करने की रखी मांग

■ सर्व आदिवासी समाज ने दी चेतावनी, 3 दिनों में हस्ताक्षर नहीं होने पर राजभवन का करेगी घेराव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आरक्षण मामला एक बार फिर गरमाता नजर आ रहा है। राज्यपाल अनुसुइया उइके के दिल्ली से वापस लौटने के बाद सबकी नजरें आरक्षण पर जाकर टिकी हैं। एक तरफजहां विपक्ष लगातार राज्यपाल अनुसुइया उइके से आरक्षण पर

हस्ताक्षर करने की मांग कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सरकार से कुछ सवालों के जवाब मांगे है। इस बीच गुरूवार शाम कांग्रेस के 14 आदिवासी विधायक राजभवन पहुंचे। विधायक ने राज्यपाल से संशोधित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जल्द से जल्द हस्ताक्षर करना चाहिए

भेंट-मुलाकात के लिए कसडोल जाने से पहले रायपुर हेलीपैड पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से राज्यपाल के दिल्ली जाकर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात पर सवाल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने जिनसे भी मुलाकात की हो उसकी मुझे जानकारी नहीं है। लेकिन अब ये हैं कि उन्हें जल्दी हस्ताक्षर करके देना चाहिए। क्योंकि छात्रों के भविष्य का सवाल है। बहुत सारी भर्तियां होनी हैं, उसमें वह लागू होना है। हाईकोर्ट का भी आदेश आ गया है। ऐसे में जब हम लोगों ने नया आरक्षण बिल लाकर विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित कर दिया है तो उसे तत्काल हस्ताक्षर कर देना चाहिए।

कोहरे ने थामी रेलवे की रफ्तार, 226 ट्रेनें रद्द

नई दिल्ली। देश के पहाड़ी से लेकर मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्से आज कुहासे की चपेट में हैं। पहाड़ों पर भी भीषण बर्फबारी जारी है। बिगड़ते मौसम का असर ट्रेनों की आवाजाही पर भी दिख रही है। भारतीय रेल से मिली जानकारी के मुताबिक, आज यानी 22 दिसंबर को 226 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि 20 ट्रेन डेढ़ से साढ़े चार घंटे की देरी से चल रही हैं। विजिबिलिटी कम होने के कारण

गरमा-गरम

सदन में चर्चा.. **विपक्षी दलों के हंगामे पर कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित, कोरोना को लेकर भी सदन में हुई चर्चा**

चीन के साथ सीमा व तनाव पर विपक्ष का जोरदार हंगामा

नई दिल्ली। लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस, द्रमुक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने चीन के साथ सीमा पर तनाव और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया जिस वजह से सदन की बैठक चार बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की बैठक चार बार के स्थगन के बाद साढ़े चार बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने सदस्यों को नियम 377 के तहत अपने विषय उठाने का अवसर दिया। इससे पहले चार बजे सदन की कार्यवाही को साढ़े चार बजे तक स्थगित कर दिया गया। इस दौरान हंगामा जारी रहा। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की

कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सात पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी सदन को दी। सदन ने कुछ पल मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन का ध्यान कुछ देशों में कोविड-19 के फिर सक्रिय होने की ओर आकृष्ट कराया और सभी को सावधानी बरतने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने का सुझाव दिया।

कांग्रेस का नाम लिए बगैर हमला

जोशी ने चीन के साथ सीमा पर तनाव के संदर्भ में कांग्रेस का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधते हुए कहा, ''रक्षा मंत्री ने सदन में विस्तृत रूप से बयान दिया है, सेना ने एक बयान दिया है... विपक्ष को कम से कम सेना के बयान पर तो विश्वास करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यह काफी संवेदनशील मामला है, ऐसे मामले पर पहले भी सदन में चर्चा नहीं हुई है... जब ये लोग (कांग्रेस) सरकार में थे तब उन्होंने भी हमने आग्रह किया था।

बैठक शुरू होने के 10 मिनट बाद ही स्थगित

विपक्षी सदस्यों का शोर-शराबा जारी रहने पर लोकसभा अध्यक्ष ने बैठक शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की बैठक दोपहर 12 बजे पुनः आरंभ हुई तो विपक्षी सदस्यों ने पहले की तरह नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने 'प्रधानमंत्री जवाब दो', 'चीन पर जवाब दो' के नारे लगाए। विपक्षी सदस्यों के भारी शोर-शराबे के बीच पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। सदन में हंगामे के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि मौजूदा शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाएगा। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से आग्रह किया कि वे सदन चलने दें।

सदन की कार्रवाई चलने देने की अपील

संसदीय कार्य मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग चीन पर जो चर्चा कराना चाहते हैं तो पता होना चाहिए कि इनके कालखंड कितनी जमीन भारत ने खोई और हिन्दी चीनी भाई भाई का क्या हुआ। जोशी ने आरोप लगाया कि जो लोग चीन से रिश्वत लेते हैं, वे इस प्रकार से हंगामा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपील करते हैं कि सदन की कार्यवाही चलने दें । पीठासीन सभापति अग्रवाल ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा, ''कल सत्र का आखिरी दिन है। अभी महत्वपूर्ण कामकाज बचा है। आप लोग सहयोग करिये।

संपादकीय

कोरोना पर राजनीति उचित नहीं

एक बार फिर चीनी वायरस कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ-7 ने चीन के अलावा अमेरिका, बिटेन और जापान सहित दुनिया के आधा दर्जन देशों में कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। चीन में तो खैर हालात बेहद खराब हो चुके है। अमेरिका जैसा देश भी कोरोना के इस नए वैरिएंट से थर्राया हुआ है और उसने मेडिकल इमरजेंसी घोषित कर दी है। गौरतलब है कि 2019 में चीनी वायरस कोरोना ने चीन के बाद अमेरिका में ही सबसे ज्यादा तबाही मचाई थी। भारत में भी लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे लेकिन भारत ने समय रहते कोरोना का टीका बना लिया और दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीकरण अभियान चलाकर स्थिति पर काबू पा लिया था। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ-7 से भारत को ज्यादा खतरा तो नहीं है क्योंकि यहां टीकाकरण अभियान सफल रहा है लेकिन कोरोना के इस नए वैरिएंट के बारे में अभी दावे के साथ कुछ नहीं कहा जा सकता कि यह कितना घातक होगा इसलिए भारत में भी सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एहतियाती कदम उठाने शुरू भी कर दिए है क्यों कि भारत में भी बीएफ-7 ने दस्तक दे दी है लेकिन कोरोना को लेकर एक बार फिर राजनीति शुरू हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होने राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करे या फिर भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल स्थगित करें। इस पर कांग्रेस नेताओं ने सवालिया निशान लगाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि भारत जोड़ों यात्रा की सफलता से डरकर केन्द्र सरकार राहुल गांधी की यात्रा को रोकना चाहती है। इस तरह की राजनीति कतई उचित नहीं है। राजनीतिक कार्यक्रम हो या सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम इस पर कोई पाबंदी नहीं है लेकिन इसमें कोरोना के लिए जारी की गई गाईड लाईन का पालन सभी को करना चाहिए। पूर्व में कोरोना गाईड लाईन की अनदेखी करने का दुष्परिणाम हम भुगत चुके है। इसलिए यदि सरकार और देश के ख्यातिनाम चिकित्सा विशेषज्ञ दिशा निर्देश दे रहे है या कोई सलाह दे रहे है तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस बारे में संसद ने सराहनीय कदम उठाया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सभी सांसदों के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह हर भीड़भाड़ वाली जगह में मास्क अनिवार्य होना चाहिए। इस बारे में सरकार के निर्देश का इंतजार करने के बदले सभी लोगों को खुद ही जागरूकता का परिचय देना चाहिए और सतर्कता बरतनी चाहिए तभी हम कोरोना के इस नए वैरिएंट बीएफ-7 को भी हराने में सफल होंगे।

विचार

राहुल गांधी की अंग्रेजी-भक्ति ?

राजस्थान में राहुल गांधी ने अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की जमकर वकालत कर दी। राहुल ने कहा कि भाजपा अंग्रेजी की पढ़ाई का इसलिए विरोध करती है कि वह देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों के बच्चों का भला नहीं चाहती है। भाजपा के नेता अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में क्यों पढ़ाते हैं? राहुल ने जो आरोप भाजपा के नेताओं पर लगाया, वह ज्यादातर सही ही है लेकिन राहुल जरा खुद बताए कि वह खुद और उसकी बहन क्या हिंदी माध्यम की पाठशाला में पढ़े हैं? देश के सारे नेता या भद्रलोक के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में इसीलिए भेजते हैं कि भारत दिमागी तौर पर अभी भी गुलाम है। उसकी सभी ऊँची नौकरियां अंग्रेजी माध्यम से मिलती हैं। उसके कानून अंग्रेजी में बनते हैं। उसकी सरकारें और अदालतें अंग्रेजी में चलती हैं। भाजपा ने अपनी नई शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा को स्वभाषा के माध्यम से चलाने का आग्रह किया है, जो कि बिल्कुल सही है। लेकिन भाजपा और कांग्रेस, दोनों की कई प्रांतीय सरकारें अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही हैं। किसी विदेशी भाषा को पढ़ना एक बात है और उसको अपनी पढ़ाई का माध्यम बनाना बिल्कुल दूसरी बात है। मैंने पहली कक्षा से अपनी अंतरराष्ट्रीय पीएच.डी. तक की परीक्षाएं हिंदी माध्यम से दी है। स्वभाषा के माध्यम से पढ़ने का अर्थ यह नहीं है कि आप विदेशी भाषाओं का बहिष्कार कर दें। मैंने हिंदी के अलावा संस्कृत, जर्मन, रूसी और फारसी भाषाएं भी सीखीं। अंग्रेजी तो हम पर थोप ही दी जाती है। राहुल का यह तर्क सही है कि गरीब और ग्रामीण वर्ग के बच्चे अंग्रेजी स्कूलों में नहीं पढ़ते, इसलिए वे पिछड़ जाते हैं। वे भी अंग्रेजी पढ़ें और अमेरिका जाकर अमेरिकियों को भी मात करें। राहुल की यह बात मुझे बहुत पसंद आई लेकिन मैं पूछता हूं कि हमारे कितनी विद्यार्थी अमेरिका या विदेश जाते हैं? कुछ हजार छात्रों की वजह से करोड़ों छात्रों का दम क्यों घोटा जाए? जिन्हें विदेश जाना हो, वे साल-दो साल में उस देश की भाषा जरूर सीख लें लेकिन किसी विदेशी भाषा को 16 साल तक अपनी पढ़ाई का माध्यम बनाए रखना और उसे करोड़ों बच्चों पर थोप देना कौनसी अक्लमंदी है? हिरण पर घांस क्यों लादी जाए? यदि हमारे नेता लोग चाहते हैं कि गरीबों, ग्रामीणों, पिछड़ों, किसानों और मजदूरों के बच्चों को भी जीवन में समान अवसर मिलें तो देश में सभी बच्चों के लिए स्वभाषा-माध्यम की पढ़ाई अनिवार्य होनी चाहिए। अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई पर कठोर प्रतिबंध होना चाहिए। विदेशी संपर्कों के लिए हमें सिर्फ अंग्रेजी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। विदेश-व्यापार, विदेश नीति और उच्च-शोध के लिए अंग्रेजी के साथ-साथ फ्रांसीसी, जर्मन, चीनी, रूसी, अरबी, हिस्पानी, जापानी आदि कई विदेशी भाषाओं की पढ़ाई भी भारत में सुलभ होनी चाहिए। दुनिया के किसी भी संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई का माध्यम विदेशी भाषा नहीं है।

सेना के पराक्रम को राजनीति से दूर रखें

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

सेना कुछ मायनों में स्वायत्त है और वह सीमा पर रणनीति हालात के मुताबिक बना सकती है। कोई भी सरकार न तो सेना की उपेक्षा कर सकती है और न ही उसके हाथ बांध सकती है। चीन के साथ हमारे सीमा-विवाद बेहद अस्पष्ट हैं। चीन 'मैकमोहन रेखा' को ही नहीं मानता, लिहाजा विवाद गहराते और उलझते रहे हैं। संसद में सरकार पर हमले करने के लिए विपक्ष के पास महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, किसानों की समस्याए और पंजाब में आतंकवाद की आहट जैसे अनेक मुद्दे हैं। शीतकालीन सत्र के बाद अब सीधे बजट सत्र होगा। इसलिए बेहतर होगा कि विपक्ष आगामी बजट को लेकर सरकार के समक्ष जनता की परेशानियाँ रखते हुए राहत के लिए दबाव बनाये। लेकिन लगता है वह पुरानी गलतियां दोहरा रहा है।

देश की पूर्वोत्तर सीमा पर भारतीय और चीनी सैनिकों की बीच झड़प पर राजनीति हर बीतते दिन बढ़ती ही जा रही है। इस मुद्दे पर संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बयान दे चुके हैं। लेकिन विपक्ष इस पर चर्चा चाहता है जबकि सरकार का कहना है इसकी जरूरत नहीं है। इससे बीते सप्ताह जो टकराव पैदा हुआ वह जारी है। कांग्रेस को लगता है वह इस मुद्दे पर सरकार को घेरने में कामयाब हो जायेगी जबकि सत्ता पक्ष का मानना है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक बहस से सेना का मनोबल गिरता है। जब कांग्रेस की ओर से सरकार पर आरोप लगा कि वह चीन से डरती है तब गृह मंत्री ने राजीव गांधी के नाम पर बने ट्रस्ट को चीन से मिले चंदे का सवाल उठाकर पलटवार किया।

चीन द्वारा की जाने वाली आक्रामक गतिविधियों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी लम्बे समय से प्रधानमंत्री पर तीखे हमले करते आ रहे हैं। डोकलाम, गलवान और अब अरुणाचल में हुई झड़प को लेकर उनकी प्रतिक्रिया का सार यही है कि चीन हमारी जमीन दबाता जा रहा है और मोदी सरकार उसको रोकने में विफल है। लेकिन वे इस बात का कोई जवाब नहीं देते कि 1962 में चीन द्वारा दबाई गई हजारों वर्ग किमी जमीन वापस लेने के लिए बाद की कांग्रेस सरकारों ने क्या किया? यहीं नहीं तो पाक अधिकृत कश्मीर का जो क्षेत्र पाकिस्तान ने चीन के हवाले कर दिया उसे रोकने के लिए क्या प्रयास किये? ये बात किसी से छिपी नहीं है कि अरुणाचल को चीन छोटा त्तिब्बत कहते हुए अपने नक्शे में ही दर्शाता है।

यहां तक कि हमारे राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के वहां जाने पर भी उसे ऐतराज होता है। लेकिन भारत उससे विचलित हुए बिना अपनी सैन्य तैयारियां काफी मजबूत कर ली हैं। चीन समय-समय पर जो हरकतें करता है उनका उद्देश्य हमारी ताकत को तौलना है। लेकिन डोकलाम और गलवान की तरह अरुणाचल में भी उसके सैनिकों को हमारे जवानों ने भागने बाध्य कर दिया। वैसे रक्षा मामलों में सरकार पर नीतिगत हमले करने के लिए विपक्ष पूरी तरह स्वतंत्र है परन्तु उसे सेना के मनोबल का ध्यान रखना चाहिए। राहुल गांधी का हर मौके पर ये कहना कि हमारे जवान पीटे जा रहे हैं, सैनिकों की वीरता और क्षमता पर शंका करने जैसा है। विपक्षी नेताओं को ये नहीं भूलना चाहिए कि 1962 के चीनी आक्रमण में हमारी सेना बुरी तरह पराजित हुई थी। बड़ी संख्या में हमारे जवान और अधिकारी शहीद भी हुए। चीन के भारी सैन्यबल के सामने हमारी सेना पूरी तरह असहाय साबित हुई। उसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जबरदस्त आलोचना हुई। तिब्बत पर

चीन के कब्जे को मान्यता देने के बाद हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा बुलंद करते हुए उसकी दोस्ती पर विश्वास करने की नीति का दुष्परिणाम ये हुआ कि उसने हमारी 43 हजार वर्ग किमी भूमि पर कब्जा कर लिया।

उस हमले के बाद नेहरू जी मानसिक तौर पर भी काफी आहत हुए और कहा जाता है उसी की वजह से उनका स्वास्थ्य खराब रहने लगा और महज दो साल के भीतर वे चल बसे। दशकों बाद भी कश्मीर और चीन संबंधी उनकी नीति पर सवाल उठाये जाते हैं। लेकिन किसी ने भी सेना के शौर्य और दक्षता पर संदेह नहीं किया। ऐसे में जब श्री गांधी ये कहते हैं कि चीनी सेना के हाथों हमारे जवान पिट रहे हैं तो निश्चित तौर पर ये सरकार से ज्यादा उस सेना की आलोचना होती है जो अपनी वीरता और पेशवर दक्षता के लिए विश्व भर में सम्मानित है। 1962 की जंग में उसके पास न तो पर्याप्त हथियार थे और न ही अन्य जरूरी साधन। बावजूद उसके एक-एक चैकी के लिये दो-चार जवानों ने आधुनिक हथियारों से लैस दर्जनों चीनी सैनकों की टुकडियों का बलिदानी भावना से मुकाबला किया। उसके बाद भारत को पकिस्तान से अनेक युद्ध लडना पड़े जिनमें हम जीते। वहीं चीन के साथ भी कभी छोटी और कभी बड़ी मुठभेड़ होती रही जिनमें हमारे सैनिक कभी उन्नीस साबित नहीं हुए। इसका कारण सैन्य तैयारियों में हुआ सुधार और सेना का आधुनिकीकरण है। जिसकी प्रक्रिया 1962 के बाद से ही प्रारंभ हो गई थी। हर लड़ाई के बाद जो कमी रह गई उसे दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है। भारतीय सेना के तीनों अंग आज पूरी तरह सुसज्जित और किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। ये देखते हुए विपक्ष से ये अपेक्षा करना गलत नहीं होगा कि सुरक्षा संबंधी किसी भी घटना या नीतिगत मुद्दे पर सरकार को चाहे जितना घेरे किन्तु जवानों के बारे में ऐसा कुछ न कहे जिससे उनका उत्साह ठंडा हो।

देश वर्ष 2020 में हुए गलवान घाटी के खूनी संघर्ष को नहीं भूला है। भारत के वीर जवानों ने निहत्थे संघर्ष में चीनियों के घातक हमले में शहादतें दी थीं। भारत ने अपने शहीदों का सम्मान करते हुए उनकी वास्तविक संख्या उजागर की। जबकि चीन सच पर लगातार पर्दा डालता रहा। कई महीनों बाद चीन ने महज चार सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की थी। दरअसल, चीन के साथ हुए समझौते के चलते दोनों देशों के सैनिकों में गोला-बारूद के इस्तेमाल पर रोक है। यूं तो भारतीय जांबाज कद-काठी के हिसाब से चीनियों पर इक्कीस पड़ते हैं। लेकिन गलवान के संघर्ष में चीनी सैनिकों ने पहले से तैयार की गई घातक चीजों के प्रयोग से भारतीय सैनिकों को बड़ी क्षति पहुंचायी थी। दो साल पहले हुई झड़प के बाद भारत ने अपने इलाकों में स्थायी संरचनाओं का निर्माण किया है। दुर्गम व ऊंचाई वाले इलाकों में भारत ने हवाई पट्टी व सड़कों का निर्माण किया है। जिसको लेकर चीन विरोध जताता रहा है। चीन के साथ लद्दाख से अरुणाचल तक आंख मिचैली का खेल चलता आ रहा है। ये बात पूरी तरह सच है कि वह हमारे इलाके में घुसपैठ का कोई अवसर नहीं चूकता किन्तु हमारे सैनिक उसे सफल नहीं होने देते। अरुणाचल की ताजा झड़प के बाद भी दोनों पक्षों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने साथ बैठकर मामला सुलझा लिया। ऐसे में ये समझ से परे है कि संसद में विपक्ष क्या चर्चा करना चाहता है? बिना किसी पुख्ता सबूत के ये कह देना कि चीन ने हमारी इतनी जमीन दबा ली, पूरी तरह गैर जिम्मेदाराना है। उसके इस रवैये से जनता के धन की बर्बादी हो रही है। बहरहाल इस राजनीतिक पक्ष के अलावा, सेना के विभिन्न पूर्व जनरलों ने ऐसे नेताओं को लानत दी है, जो सेना को गालियां दे रहे हैं। हमारे सैनिक 13-17,000 फुट की ऊंचाई पर, बर्फीले मौसम और माइनस तापमान में भारत की चैकियों और सीमा की रक्षा कर रहे हैं।

23 दिसंबरः राष्ट्रीय किसान दिवस पर विशेष

सुपर कृषक बनने का मार्ग : सुपर फूड मोटे अनाज की प्राकृतिक

प्रवीण गुगनानी

वर्ष 2018 को भारत में ईयर ऑफमिलेट्स के रूप में मनाया गया था। अब इस स्थिति में एक और गुणात्मक परिवर्तन आ गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स卐 के रूप में मनाने का निर्णय किया है। वर्ष 2023 में देश भर में कृषकों को इन अनाजों के सन्दर्भ में हजारों कार्यशालाओं व अन्य माध्यमों से मोटे अनाज की प्राकृतिक कृषि के संदर्भ में समझाया जाएगा। आगामी वर्ष में मोटे अनाजों के प्रयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के विषय में देश के नागरिकों में जागरण अभियान भी चलाया जायेगा। मोटे अनाज कम उपजाऊ मिट्टी में भी अच्छी उपज दे सकते हैं और तुलनात्मक रूप से इनकों कीटनाशकों की उतनी जरूरत नहीं होती है। मोटे अनाजों को अधिक पानी-सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है। यह अधिक तापमान में भी आसानी से पैदा किये जा सकते हैं।

देश राष्ट्रीय किसान दिवस मनाता इसके ठीक एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने संसद में मोटे अनाज से बने व्यंजनों का भोजन कार्यक्रम आयोजित करके किसान दिवस के महत्त्व को बढ़ा दिया। ऐसा करके केंद्र सरकार ने किसान दिवस व आने वाले वर्ष में मोटे अनाज के उत्पादन, मार्केटिंग व उपभोग के प्रति अपनी मंशा प्रकट कर दी है।

पिछले कुछ दशकों में गेंहू, चावल की कृषि ने मोटे अनाजों यथा मक्का, बाजरा, ज्वार, कोदो, कुटकी, रागी आदि को हमारी कृषि और थाली से लगभग बाहर कर दिया है। कृषकों और उपभोक्ताओं की मोटे अनाज (मीलेट्स) को भूलने की प्रवृत्ति ने हमारे देश के कृषकों की आय नागरिकों के स्वास्थ्य इंडेक्स दोनों को ही दुष्प्रभावित किया है। किंतु अब मिलेट्स के दिन फिर बहुरने लगे हैं। इनकी मांग पिछले एक साल के दौरान ही 129 प्रतिशत बढ़ चुकी है। खपत बढ़ने से किसानों ने खेती का रकबा भी 116 प्रतिशत बढ़ाया है। भारतीय कृषक मिलेट्स की कृषि में तकनीकी व प्राकृतिक उपायों के प्रयोग से प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाने में सफल हुए हैं। विगत पांच वर्षों में मोटे अनाज का बाजार पांच गुना हो चुका है। मोटे अनाज अपने स्वाद, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ सातः कैल्शियम आयरन, फास्फोरस, मैग्नीशियम, जस्ता, पोटेशियम, विटामिन बी-6 और विटामिन बी-3 के प्रबल वाहक भी होते हैं। इन दिनों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान जैसे जनजातीय बहुल प्रदेशों में तो जनजातीय बंधुओं द्वारा प्राकृतिक कृषि से उपजाएं जाने वाले मोटे देशज अनाजों की मांग महानगरों से व विदेशों से भी आने लगी है। जनजातीय क्षेत्रों में उगने वाले ये कोदो, कुटकी आदि अनाज कई बीमारियों के निदान का प्रतीक बन गए हैं। ये जनजातीय मिलेट्स महानगरों और विदेशों में सैकड़ों रूपये किलो तक हाथोहाथ लिए जाते हैं। जहाँ देश के बड़े वर्ग ने अपनी थाली में स्वास्थ्य कारणों से मोटे अनाजों को स्थान देना प्रारंभ किया है वहीं विभिन्न प्रकार के उद्योगों में, बायोडीजल हेतु व एथेनाल हेतु भी मोटे अनाजों की खपत बड़ी मात्रा में होने लगी है। खपत बढ़ने के कारण मोटे अनाज के बाजार भाव भी आकर्षक व लाभकारी मिलने लगे हैं। एक गाय के गोबर से 30 एकड़ भूमि पर मोटे अनाज की प्राकृतिक खेती हो जाती है। देशज गाय के एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ तक उर्वरा शक्ति बढ़ाने वाले व मिट्टी की जल संधारण बढ़ाने वाले बेक्टीरिया होते हैं।

आज भारत विश्व मिलेट (मोटे अनाज) के उत्पादन में विश्व भर में सर्वाधिक अग्रणी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, झारखण्ड, तमिलनाडु, और तेलगांना आदि प्रमुख मोटे अनाज उत्पादक राज्य हैं। आसाम और बिहार में सबसे ज्यादा मोटे अनाजों की खपत होती है। देश में पैदा की जाने वाली मुख्य मिलेट फसलों में ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी का स्थान आता है। जनजातीय समाज के बंधू कोदों, कुटकी, सावां आदि की खेती की कृषि परंपरागत रूप से प्राकृतिक रीति नीति से सैकड़ों वर्षों से करते चले आ रहे हैं। जनजातीय बंधुओं द्वारा उत्पादित ये मोटे अनाज बड़े ही स्वास्थ्य वर्द्धक व आयुष वर्द्धक होते हैं। इन मोटे अनाजों की फसल का एक विशेष गुण होता है कि इनकी कृषि जलवायु परिवर्तन के दृष्टिकोण से भी बड़ी जीवट होती हैं। सूखा, अधिक तापमान, कम पानी की भूमि, कम उपजाऊ जमीन आदि आदि की परिस्थिति में भी इनका अच्छा उत्पादन किया जा सकता है। मोटे अनाज की कृषि को गरीब किसान की कृषि इसलिए ही कहा जाता रहा है। मोटे अनाजों की इस जिजीविषा पूर्ण कृषि, उत्पादन अनुपात, लागत अनुपात, पौष्टिकता, बहु उपयोगिता और पर्यावरण मित्र स्वभाव के कारण इन फसलों को सुपर फूड कहा जाने लगा है। निस्संदेह यह कहा जा सकता है कि पारंपरिक भारतीय अनाजों में स्वास्थ्य का खजाना छुपा है। यही कारण है कि बीते वर्षों में में मोटे अनाजों की बुवाई का क्षेत्रफल सतत बढ़ता ही जा रहा है और फलस्वरूप मनुष्य और पशु दोनों के उदरपोषण में मोटे अनाजों का समावेश बड़े स्तर पर बड़े प्रतिशत के साथ हो गया है। वर्ष 2018 को भारत में ईयर ऑफमिलेट्स के रूप में मनाया गया था। अब इस स्थिति में एक और गुणात्मक परिवर्तन आ गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर वर्ष 2023 को "इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स" के रूप में मनाने का निर्णय किया है। वर्ष 2023 में देश भर में कृषकों को इन अनाजों के सन्दर्भ में हजारों कार्यशालाओं व अन्य माध्यमों से मोटे अनाज की प्राकृतिक कृषि के संदर्भ में समझाया जाएगा। आगामी वर्ष में मोटे अनाजों के प्रयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के विषय में देश के नागरिकों में जागरण अभियान भी चलाया जायेगा। मोटे अनाज कम उपजाऊ मिट्टी में भी अच्छी उपज दे सकते हैं और तुलनात्मक रूप से इनकों कीटनाशकों की उतनी जरूरत नहीं होती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ रिश्ते अलाव

कुछ रिश्ते अलाव से होते हैं.. सर्द रात में जीवन के चौराहे पर रोशनी से मिलते है, उनके सान्निध्य में हृदय पर ज़मी संवेदनाओं के बर्फ थोड़े कोमल होकर पिघलने से लगते हैं.. और खत्म होने के बाद भी हथेलियों पर उनकी स्मृतियों की उष्मा से हम अपनी आत्मा को सहलाते रहते हैं।

– रश्मि सुमन

क्या तुम मुझे भूल

क्या तुम मुझे भूल जाओगे ? प्रेम में डूबा हुआ हर व्यक्ति.. कभी न कभी करता है... लगभग यही प्रश्न किसी ना किसी सेपर क्या सच में...?यह सवाल...कर देने मात्र से याद रह जाता है.. प्रश्न करने वाला वो शख्स... या फिर रह जाता है एक अन्तहीन इन्तजार?

– रश्मि अभय

खास पाती

जो मिल सकी न वही इक

जो मिल सकी न वही इक खुशी है और मैं हूँ। तेरा ख़याल है इक तिश्नगी है और मैं हूँ बिछड़ते वक़्त मिले थे जहाँ वहीं अबतक रुकी रुकी सी अभी ज़िन्दगी है और मैं हूँ न जाने कौन सी शय की तलाश है मुझको बस इक हयात है आवारगी है और मैं हूँ मै जब भी देखता हूं आईना तो लगता है मेरे ही सामने इक अजनबी है और मैं हूँ जहाँ से आ रही हैं सिसकियों की आवाजें। उसी मुक़ाम पर अब शाइरी है और मैं हूं।

– राजीव कुमार

प्रेम के कसीदे में कहा था उसने

प्रेम के कसीदे में कहा था उसने कि शाश्वत होता है प्रेम शस्त्र और शास्त्र से भी परे होता है प्रेम समय और शरीर से भी उच्चस्थ होता है प्रेम और फिर एक दिन बीमार पड़ गयी मैं साथ ही बीमार पड़ गया उसका प्रेम भी और संक्रमित हो गये उसके वो सकल तर्क जो कहे थे कभी प्रेम के कसीदे में किंतु एक बार पुनश्च स्वस्थ हो रही हूँ मैं जानती हूँ अच्छी तरह से कि स्वस्थ होते ही मेरे स्वस्थ हो जाएगा उसका प्रेम भी किंतु क्या यह एक स्वस्थ प्रेम होगा।

– ममता अमर

वसुधा को झुक झुक नमन करेगें

वसुधा को झुक झुक नमन करेगें और चूम चूम माटी कण शीश से लगायेगें भोर में दिवाकर का वन्दन करेगें और उजली किरण दहलीज पे सजायेगें दीपक जला के,थाल पूजा का सजा के,टीके भाल पे शुभ आशीष के लगायेगें बगिया में सुमन खिला के फूल खुश्बू के चरणो में कौशलाधीश के चढ़ायेगें।

– शालिनी शर्मा

पहले चलना सीख फिर दौड़ लगाना मंज़िल खुद की ढूंढ फिर



पहले चलना सीख फिर दौड़ लगाना। मंज़िल खुद की ढूंढ फिर औरों को पहुँचना। पहले कोई राग तो गा फिर गीत सुनना.. ताता थैया पहले कर फिर नाच दिखाना। पहले अठन्नी ग़ायब कर ओ चतुर जमूरे.. फिर अपनी जादूगरि दुनिया को दिखलाना। समझो अक्षर प्रेम का फिर कथा बता कोई मर्म बता कोई चौपाई प्रसंग बता शुद्ध शुद्ध कोई छंद सुना फिर धर्म सीखना। मंज़िल खुद की ढूंढ फिर औरों को पहुँचना।

– राकेश मिश्रा

हमने कहा उसने कहा फिर सबने कहा सबने कहा उसमें हमारा और

हमने कहा उसने कहा फिर सबने कहा सबने कहा उसमें हमारा और उसका कहा खो गया कहीं फिर कहा गया सबका याद रहा सबको मैं और वह भुला दिए गये आज चल रहा ऐसा ही कुछ दौर भीड़ का चरित्र नही फिर भी वही सिरमौर।

– संत आर थवाईत

फ़िज़ा में है मेरी घुलती उदासी मेरी शामो में है पसरी उदासी मेरी

फ़िज़ा में है मेरी घुलती उदासी मेरी शामो में है पसरी उदासी। मेरी आंखों में भी गर्दिश जमी है मेरे ख्वाबो में भी बिखरी उदासी। मेरी खुशियां गई है साथ तेरे मेरे हिस्से फकत ठहरी उदासी।।

– गोविन्द शर्मा

QUIZ TIME

1) मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना किस राज्य प्रदेश द्वारा शुरू की गई है?
2) जतिन मोहन चटर्जी ने किस संस्था की स्थापना की थी?
3) स्टुअर्ट महामार्ग किस महाद्वीप का सबसे लम्बा महामार्ग है?
4) लोकनायक फॉउण्डेशन (18 वाँ लोकनायक फॉउण्डेशन पुरस्कार) के वार्षिक साहित्य पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?
5) यूरोप प्रेस किस देश की समाचार एजेंसी है?

उत्तरमाला-
(1) छत्तीसगढ़ (2) भारत माता सोसायटी (3) ऑस्ट्रेलिया (4) तनिकेला भरणी (5) स्पेन

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1465 - विजयनगर के शासक वीरूपक्ष द्वितीय तेलीकोटा की लडाई में अहमदनगर, बीदर, बीजापुर और गोलकुंडा की संयुक्त सेना से पराजित हुए। 1672 - खगोलविद जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की। 1894 - रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में पूस मेले का उद्घाटन किया। 1901 - शांतिनिकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम को औपचारिक रूप से खोला गया। 1902 - भारत के सातवें प्रधानमन्त्री चौधरी चरण सिंह का जन्म हुआ । 1912 - नयी दिल्ली को देश की राजधानी घोषित करने के वास्ते वायसराय लार्ड हार्डिंग द्वितीय ने हाथी पर बैठकर शहर में प्रवेश किया लेकिन इस दौरान एक बम विस्फोट में वह घायल हो गए। 1914 - प्रथम विश्व युद्धः ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्त्र की राजधानी काहिरा पहुंची। 1921 - विश्व-भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ। 1922 - बीबीसी रेडियो ने दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया। 1926 - आर्य समाज प्रचारक एवं विद्वान् स्वामी श्रद्धानंद की हत्या। 1968 - मौसम संबंधी देश के पहले रॉकेट 'मेनका' का सफल प्रक्षेपण। 1976 - सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में सरकार का गठन। 1969 - चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया। 1995 - हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत। 2000 - न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया को हराकर विश्व महिला क्रिकेट खिताब जीता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया।

रायपुर में पहले वनडे मैच के लिए तैयारियां शुरू

■ हर एंट्री पर रहेगी मेडिकल और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडीयम में अगले महीने होने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ तेज हो गई है। आज छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के साथ रेडक्रास भवन में बैठक की। इस प्रारम्भिक बैठक में सुरक्षा के साथ दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने पर अधिकारियों का विशेष ज़ोर रहा । बैठक में छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया सहित अपर कलेक्टर एनआर साहू और एडिशनल एसपी जयप्रकाश बडई, श्री कीर्तन राठौर भी मौजूद रहे। बैठक में पहले अंतर राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए सभी ज़रूरी व्यवस्थाओं पर प्रारम्भिक चर्चा की गई। स्टेडियम में उपलब्ध संसाधनों और जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग पर क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बात की। स्टेडियम की साफ-सफ ाई, कुर्सयों की मरम्मत से लेकर वालंटियर्स और सुरक्षा आदि पर चर्चा की गई। मैच के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अग्निशमन और मेडिकल स्टाफ़ के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। स्टेडियम की फ्लड लाइटस में भी हेलोजन बल्ब की जगह एलईडी लगेगी। मैच के दौरान स्टेडियम परिसर के आसपास पार्किंग व्यवस्था के लिए जरूरी तैयारियों पर भी बैठक में बात हुई। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त लाईट आदि के साथ सुरक्षा के इंतजाम, स्टेडियम परिसर में सफ ाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में सफ ाई मित्र और अन्य जरूरी मशीन तथा उपकरणों की व्यवस्था, पार्किंग स्थलों के समतलीकरण, विभिन्न रास्तों से आने वाले लोगो और स्टेडियम में दर्शकों की सुविधा के लिए जगह-जगह स्पष्ट साईनेज आदि लगाने पर भी बैठक में चर्चा हुई।

व्यवसाय स्थापित करने मील का पत्थर साबित हुई निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना

दिव्यांग डोमार और बोधनी को मुख्यमंत्री ने सौंपा एक लाख रुपए का चेक

रायपुर/नवप्रदेश। भेंट मुलाकात के दौरान एक और एक ग्यारह वाली कहावत को चरितार्थ होती दिखी, जब दिव्यांग दंपत्ति को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक लाख रुपए का चेक सौंपा। मौका था भेंट मुलाकात कार्यक्रम ओडान का। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यादव एवं वर्मा दंपति को आशीष देते हुई जीवन की नई शुरुआत करने शुभकामनाएं दी। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि दिव्यांग डोमार यादव और कुछ उनकी पत्नी बोधनी यादव की निशक्तता 85 प्रतिशत है।ग्राम गाड़ाभाठा निवासी डोमार और बोधनी का विवाह इसी साल हुआ था। उन्हें मुख्यमंत्री निःशक्त प्रोत्साहन योजना के तहत एक लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री द्वारा भेंट किया गया। यादव दंपति ने बताया कि वे जीविकोपार्जन के लिए भजिया, बड़ा, समोसा की टपरी लगाते हैं। इससे 3-4 हज़ार रूपये की मासिक आय प्राप्त हो जाती है। मुख्यमंत्री से चेक ग्रहण करने से गदगद यादव ने कहा कि इस व्यवसाय को बढ़ाने और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने में यह राशि मील का पत्थर साबित होगी। इसी प्रकार ग्राम फुंढहरडीह के दिव्यांग हुपेंद्र वर्मा और उनकी पत्नी वर्षा वर्मा को 50 हज़ार रूपये की राशि का चेक मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत भेंट किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया से यह सम्मान मिलना उनके लिए ऐतिहासिक पल है। दंपति ने शासन की इस योजना के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह राशि उनको आर्थिक सुरक्षा और संबल प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी।

छग टूरिज्म बोर्ड द्वारा देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक और सौगात

■ स्वदेश दर्शन योजना अंतर्गत सरगुजा अंचल को मिला करमा एथनिक रिसॉर्ट और जोहार हाईवे मोटेल

रायपुर/नवप्रदेश। मैनपाट में उच्चस्तरीय सुविधाओं के साथ नए वर्ष का स्वागत कर सकेंगे पर्यटक पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू मैनपाट, कमलेश्वरपुर में 23 दिसंबर को करेंगे लोकार्पण स्वदेश दर्शन योजना अंतर्गत सरगुजा अंचल को मिला करमा एथनिक रिसॉर्ट और जोहार हाईवे मोटेल भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न थीमों पर आधारित पर्यटन विकास की स्वदेश दर्शन योजना वर्ष 2015-16 में प्रारंभ की थी, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में यहाँ की आदिवासी/जनजातीय एवं ग्रामीण संस्कृति से पर्यटकों को परिचित कराने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में ''ट्रायबल टूरिज्म सर्किट'' की परियोजना स्वीकृत की गयी। इस परियोजना में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के कुल 13 डेस्टीनेशन्स को विकसित किया गया है। इस परियोजना के ''ट्रायबल टूरिज्म सर्किट'' के अंतर्गत कमलेश्वरपुर (मैनपाट) में ''ईको एथनिक टूरिस्ट डेस्टीनेशन'' के रूप में ''करमा एथनिक रिसार्ट'' विकसित किया गया है। यह रिसार्ट सरगुजा क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश की थीम पर 21 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार के द्वारा इस परियोजना के लिये कमलेश्वरपुर में 46 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी थी। शुक्रवार 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य एवं मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में करमा एथनिक रिसार्ट एवं सोनतराई मोटेल, सीतापुर का लोकार्पण किया जाएगा। ''करमा एथनिक रिसार्ट'' कमलेश्वरपुर (मैनपाट) में टूरिस्ट रिसेप्शन एवं सुविधा केंद्र, 20 कक्ष एवं हर्बल हाट - आर्टिसन सेंटर), कैफेटेरिया, ओपन एम्फीथिएटर, सोवेनियर शाप, ट्रायबल इंटरप्रिटेशन सेंटर, ट्रायबल वर्कशाप सेंटर, 2 इलेक्ट्रिक व्हीकल (8 सीटर), इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, सायकल ट्रैक (प्रकाशीकरण सहित) समेत उच्च स्तरीय सुविधाएं स्थापित की गयी हैं जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। 'सोनतराई मोटल, सीतापुर' में 05 कक्ष, डारमेटरी हाल, लान, कैफेटेरिया (डायनिंग हाल), स्टोर रूम, पार्किंग जैसी सुविधाओं का निर्माण किया गया है।

छग के तीन जिलों के 210 आंगनबाड़ियों में लगाये जाएंगे स्टील के मेडिकल ग्रेड वॉटर स्टोरेज टैंक

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने आज रायपुर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास कार्यालय से आंगनबाडियों में पेयजल व्यवस्था के लिए स्टेनलेस स्टील के वॉटर स्टोरेज टैंक लिये गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर मद से 1500 लीटर क्षमता के ये मेडिकल ग्रेड स्टेनलेस स्टील वॉटर स्टोरेज टैंक प्रदेश के तीन जिले रायपुर, दुर्ग और बालोद के 210 आँगनबाड़ियों में लगाए जाएंगे। इससे आंगनबाड़ियों में बच्चों तथा आम लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। इससे जल जनित बीमारियों से भी बचा जा सकेगा। मंत्री भेंड़िया ने कहा कि दूषित जल से कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। इसे देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आईसीआईसीआई बैक के माध्यम से आंगनबाड़ियों में नन्हें बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। सीएसआर मद से प्रदेश के 210 आंगनबाड़ियों में स्टेनलेस स्टील के वॉटर स्टोरेज टैंक लगाए जाएंगे। इससे बच्चों के लिए स्वच्छ जल मिल सकेगा। भेंड़िया ने वॉटर स्टोरेज टैंक प्रदान करने के लिए आईसीआईसीआई बैक और आईसीआईसीआई फाउंडेशन का आभार जताया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा, आईसीआईसीआई बैंक और फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद थी।

जहां थी कभी नक्सलियों की दहशत, वहां पहुंची शासन की सड़क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव ब्लॉक अंतर्गत धुर नक्सली प्रभावित रहे रानापाल ईलाके में कभी नक्सलियों की दहशत रहती थी, ऊंची पहाड़ियों और सघन वनाच्छादित इस क्षेत्र के कई गांव साल के 6 महिने पहुंचविहीन रहा करते थे जिससे यह क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से सदैव अछुता रहा। यहां के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पेय जल, बिजली के लिए तरसा करते थे। उन्हे सड़कों के न होने से समय पर एम्बुलेंस, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता प्राप्त नहीं हो पाती थी। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल के निर्देश पर ऐसे क्षेत्रों के विकास और यहां सड़कों के निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों के विकास के लिए सड़क निर्माण की पहल की गयी। जहां पहाड़ी रास्तों, नदी-नालों के कारण सड़क बनाया जाना असंभव लगा करता था, वहां प्रशासन द्वारा दृढ़ निश्चय दिखाते हुए सर्वे करा कर सड़क निर्माण प्रारंभ किया। मर्दापाल से भाटपाल एवं भाटपाल से खाल्हेमुरवेंड मार्ग का निर्माण प्राचीन आदिम देव लिंगो देव के नाम पर लिंगों देव पथ रखा गया। मर्दापाल से बयानार होकर नारायणपुर जिले के भाटपाल तक 40 किलोमीटर लम्बी डामरीकृत सड़क बन अब जाने से इस वनांचल में शांति और अमन-चैन लौट रहा है।

इस क्षेत्र के 08 बड़े ग्रामों के करीब 4 हजार आबादी तथा इससे जुड़ने वाले 20 से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों को बारहमासी सड़कों के बन जाने से स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी आधारभूत सुविधाएं भी मिल रही है। वहीं किसानों एवं ग्रामीणों को अपनी कृषि उत्पाद तथा वनोपज को धान खरीदी केन्द्र एवं हाट-बाजार तक लाकर विक्रय करने में सहूलियत हो रही है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कोण्डागांव के द्वारा निर्मित मर्दापाल से भाटपाल सड़क जो वर्तमान में कोण्डागांव जिले के चिंगनार, कोनगुड़, धनोरा, होनहेड़ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में स्थित खालेमुरवेण्ड तक सीधे जुड़ेगी। यह सड़क भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के वैकल्पिक बॉयपास मार्ग के रूप में आवागमन के लिए सुविधाजनक होगी। भविष्य में इस मार्ग को बारसुर-कुधुर के रास्ते मर्दापाल से जोड़ने की योजना बनायी गयी है। ताकि दंतेवाड़ा से केशकाल की दूरी को कम किया जा सके और ग्रामीणों को व्यापार व्यवसाय के नवीन अवसर प्राप्त हो सके।

पेट्रोप पंप कर्मचारी पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। भनपुरी स्थित बालाजी पेट्रोल पंप के कर्मचारी पर चाकू से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हदेईपारा खमतराई निवासी प्रार्थी दादू साहू 24 वर्ष बालाजी पेट्रोल पंप भनपुरी में काम करता है। बताया जाता है कि कल शाम अज्ञात लड़का प्रार्थी के पास आया और 20 रुपए का पेट्रोल लिया। जिसके बाद किसी बात को लेकर प्रार्थी से विवाद करने लगा और फिर वहां से चला गया। जिसके बाद आरोपी ने अपने एक साथी के साथ फिर आया और प्रार्थी से विवाद कर चाकू से प्राणघातक हमला कर भाग निकला। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बालको ने राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर किसानों को किया सम्मानित

बालकोनगर/नवप्रदेश। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर किसानों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया। किसानों की उपज, आय बढ़ाने और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वेदांता कृषि संसाधन केंद्र (वीएआरसी) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसआरआई विधि, जैविक खेती, पशुपालन, सब्जी की खेती और सर्वश्रेष्ठ ग्राम विकास समिति के माध्यम से चावल की खेती की प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कृषि पद्धतियों का पालन करने वाले पांच किसानों को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह में बेला, दोंद्रो, संगम नगर, चुइया, सोनपुरी, भटगांव, मुरधवा आदि विभिन्न गांवों के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। बालको द्वारा कृषि उन्नयन को सदैव ही सर्वोपरि स्थान देने पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि हमारे किसान देश के आर्थिक विकास के प्रमुख अंग हैं। कंपनी हमेशा विभिन्न तकनीकी और शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से अपने पड़ोसी कृषक समुदाय के उत्थान और उन्नति के लिए समर्पित रहा है। बालको प्रशिक्षित किसानों ने जैविक खेती, कृषि नवाचार और नवीन तकनीकों की मदद से विभिन्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने में सफलता पाई है। कृषि प्रोत्साहन परियोजना 'मोर जल मोर माटी' से किसानों को लाभ मिल रहा है। श्री पति कहा कि हम अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के जरिए जरूरतमंदों किसानों की हरसंभव मदद करने के लिए कटिबद्ध है। बालको की सामुदायिक विकास परियोजना 'मोर जल मोर माटी' का प्रमुख उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने, फ सल उत्पादन में वृद्धि, किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराने के साथ जल और मृदा प्रबंधन को उत्कृष्ट बनाना है। परियोजना का मुख्य घटक कृषि, जल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन, बाड़बंदी, वनोपज एवं वन संरक्षण और लाख की खेती शामिल है। परियोजना 1500 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 2000 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। 500 से अधिक किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिससे उनकी औसत वार्षिक आय के साथ-साथ उत्पादन में लगभग दो गुना वृद्धि हुई है। तकनीकी सहयोग से लागत में 35त्न की कमी आई है। आसपास के लगभग 60त्न किसान आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस परियोजना से युवा कृषि को मुख्य व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। 'मोर जल मोर माटी' पहल में लगभग 25 प्रतिशत लाभार्थी युवा किसान हैं। इस परियोजना से स्थानीय किसान अनेक शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

परिवहन मंत्री ने ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में विलंब पर जताई नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक नवा रायपुर मंत्रालय स्थित महानदी भवन में ली गई। उन्होंने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम सहित सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए सभी संबंधित विभागों को प्रभावी पहल हेतु विशेष जोर दिया। परिवहन मंत्री अकबर ने इस दौरान लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने और इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष अरूण वोरा और प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यातायात) प्रदीप गुप्ता, सचिव परिवहन एस. प्रकाश तथा आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा उपस्थित थे। परिवहन मंत्री अकबर ने बैठक में चर्चा करते हुए हर माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के लिए विशेष जोर दिया। जिलों में जिला कलेक्टर द्वारा प्रतिमाह के मान से वर्ष में 12 तथा सांसद की अध्यक्षता में प्रति तिमाही के मान से 4 बैठकों का आयोजन किया जाना होता है। उन्होंने इस दौरान ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन पश्चात उनमें तत्परता से सुधार की कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने सड़क सुरक्षा दुर्घटना को रोकने के उपायों के तहत सड़कों के जंक्शन में सुरक्षा संबंधी उपायों पर भी तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

परिवहन मंत्री श्री अकबर ने ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में दुर्घटना के शिकार लोगों के त्वरित उपचार हेतु व्यवस्था, राज्य में ट्रांमा सेंटर की स्थिति, पाठ्यपुस्तकों में यातायात शिक्षा सामग्री का समावेश और यातायात के नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई तथा यातायात नियमों के पालन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने वाहनों की सघन जांच और तेज गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड गवर्नर लगाने की दिशा में कार्रवाई करने तथा नशापान और सड़क पर स्टंट करके वाहन चलाने वालों के खिलाफतत्काल कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में इंस्टिट्यूट ऑफड्राईविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान में उत्खन्न से जुड़े मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षण शुरू करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। इससे उत्खन्न के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। नवा रायपुर में संचालित आईडीटीआर में अब तक 12 हजार से अधिक वाहन चालकों को उनके कौशल वृद्धि के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

राज्यपाल उइके राजकुमार कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में हुईं शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके आज राजकुमार कॉलेज, रायपुर के 127 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुईं। समारोह में एन.सी.सी. कैडेट्स ने राज्यपाल का स्वागत किया और राष्ट्रगान की धुन पर सलामी दी। इस अवसर पर राज्यपाल उइके ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कॉलेज की महिला हॉकी टीम द्वारा राष्ट्रीय इंटरस्कूल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर राज्यपाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बेटियों का सम्मान किया। राज्यपाल ने आगामी वर्ष से राजकुमार कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 'गर्वनर ऑफ छत्तीसगढ़' पुरस्कार प्रदान करने की भी घोषणा की। समारोह उपरांत राज्यपाल ने राजकुमार कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन का शुभारंभ सम्मानित हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि राजकुमार कॉलेज ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रूचि के अनुरूप विधाओं में पारंगत करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि ''शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा प्रशिक्षण है।'' शिक्षा संभावनाओं के द्वार खोलती है और आधारभूत शिक्षा आपके लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रथम सीढ़ी के समान है। राज्यपाल ने आगे कहा कि शिक्षा मानव संसाधन को सक्षम बनाता है और यही मानव संसाधन आगे चलकर देश के उत्तरोत्तर विकास में अपनी बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपने विद्यालय के गौरव और प्रतिष्ठा को बनाये रखने और विद्यालय से अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज सेवा करने को कहा।

राज्यपाल उइके ने विद्यार्थियों के जीवन में स्कूल की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देने और जीवन की भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता है। एक समय था जब स्कूलों में केवल किताबी ज्ञान को महत्व दिया जाता था और विद्यार्थी के योग्यता का आंकलन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होता था। लेकिन मेरा मानना है कि केवल परीक्षा में प्राप्त अंक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र को प्रतिबिंबित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब बदलते परिवेश और आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा बहुआयामी विधा का रूप ले चुका है। शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित हो और पाठ्यक्रम के साथ-साथ सहगतिविधियों को भी समान महत्व दिये जाने की बात उन्होंने कही।

पीआरएसआई चेयरमैन सहित नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ शाहिद अली समेत नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि साईस कालेज में सैन्य विज्ञान के प्रोफेसर एवं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ गिरीश कांत पांडेय रहे। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव श्री संजय नैयर, सह सचिव सुश्री डा अदिति नामदेव, कोषाध्यक्ष सुश्री डा दानेश्वरी संभाकर तथा कार्यकारिणी में चार अन्य सदस्यों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. गिरीशकान्त पाण्डेय ने 'जनसंपर्क में करियर' विषय पर संगोष्ठी का उद्घाटन भी किया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए प्रो. गिरीशकांत पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खून में ही इस तरह की काबिलियत है जो नई-नई चुनौतियों को स्वीकार करता है. जिसमें क्क्रस्ढ्ढ रायपुर

चैप्टर से उम्मीद है कि आने वाले समय में देश के शीर्ष 5 चैप्टर में अपने आप को स्थापित करेगा. जनसंपर्क के क्षेत्र में अपनी बात रखते हुए कहा कि आज यह दौर तकनीक का है जनसंपर्क के क्षेत्र में भी टेक्नो फ्रेंडली होना पड़ेगा. जनसंपर्क में सकारात्मक बदलाव की क्षमता है। मीडिया में समाचार की रफ्तार और बढ़ती प्रतियोगिता के बीच गलतियां कई बार हो जाती है लेकिन जनसंपर्क एक ऐसा पवित्र पेशा है जो समाज को नई पहचान देता है। आज के दौर में जनसंपर्क का क्षेत्र युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। इस मौके पर क्क्रस्ढ्ढ रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ. शाहिद अली ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में जनसंपर्क के क्षेत्र में रायपुर चैप्टर वर्ष 2018 से कार्य कर रहा है. सीमित संसाधनों के साथ रायपुर चैप्टर ने अनेक महत्वपूर्ण संगोष्ठियों एवं रचनात्मक आयोजनों को संपादित किया है। इस कड़ी में भविष्य में भी यह चैप्टर नई उर्जा के साथ अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ायेगा। इस मौके पर उन्होंने नव निर्वाचित रायपुर चैप्टर के पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी. इन पदाधिकारियों ने ली शपथ : डॉ. शाहिद अली ने दो वर्ष के लिए पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफइंडिया रायपुर चैप्टर के चेयरमैन पद की शपथ ली. अन्य पदाधिकारियों में सचिव के पद पर संजय नैयर, सह-सचिव डॉ. अदिति नामदेव एवं कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वरी संभाकर ने भी शपथ ली.

राइजिंग स्टार सम्मान से सम्मानित हुए पत्रकार पंडित पीके तिवारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सिविल लाइंस में वृंदावन सभागार में ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण सम्मान समारोह मे राइजिंग स्टार सम्मान से सम्मानित दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पंडित पीके तिवारी को किया गया।

कल से बहेगी रामकथा की अविरल धारा

भिलाई/नवप्रदेश। प्रभु श्रीराम के अनुग्रह एवं सतगुरु स्वामी शिवानंद की कृपा से शिवानंद योग निकेतन नेहरू नगर द्वारा राम कथा का आयोजन इस्पात नगरी भिलाई में किया जा रहा है। कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर में 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक मध्यान्ह 3 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाली इस राम कथा में कथा व्यास कथा व्यास पंडित नीलमणि दीक्षित नित्य सत्संग परिवार दमोह मध्य प्रदेश होंगे। शिवानंद योग निकेतन भिलाई के गोपाल दुबे ने समस्त राम भक्तों से इस अवसर पर पुण्य लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

सीजीएम बेदी को दी ससम्मान विदाई

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल-मर्चेंट मिल में मुख्य महाप्रबंधक अजय बेदी अपनी सुदीर्घ सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति उपरांत एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में किया गया। बेदी इस सोसायटी से बीएसपी में अपनी सेवाकाल की शुरूआत से जुड़े थे। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने रिटायर सीजीएम अजय बेदी का पुष्पाहार से स्वागत करते हुए उनके स्वस्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। संस्था के संचालक हरीराम यादव ने बेदी की सोसायटी में जमा पूंजी का चेक प्रदान किया.! अजय बेदी ने सम्मान के लिए सोसायटी परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर संचालक मंडल के कई अन्य सदस्यों सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

इप्टा राज्य सम्मेलन बिलासपुर में होगी भिलाई की दो नाट्य प्रस्तुतियां



भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राज्य सम्मलेन का आयोजन 24 एवा 25 दिसंबर को बिलासपुर मे किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ इकाई की सभी दल इस सम्मलेन मै भाग लेंगे इस सम्मलेन मै हबीब तनवीर की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य मै भिलाई इप्टा द्वारा दो नाटक को मंचन किया जायेगा।

जिसमे चारु श्रीवास्तव निर्देशित नाट्य ''आप कौन चीज़ के डायरेक्टर है'' और चित्रांश श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित नाट्य 'पंचलैट' का मंचन किया जायेगा। इप्टा भिलाई की 30 सदस्य टीम इस सम्मलेन मैं भाग लेंगी। इस आयोजन मे भाग लेने के लिए इप्टा भिलाई के अध्यक्ष रोशन घड़ेकर के साथ सभी कलाकारों ने तैयारी कर ली है। इस सम्मलेन में भिलाई इप्टा से सुचिता मुखर्ज़ी,कुसुम पटेल,कविता पटेल,लेखा बंछोर,पलक,रिया,मोनिका निषाद,राजेश श्रीवास्तव, मणिमय मुखर्ज़ी, चारु श्रीवास्तव, संदीप गोखले, रणदीप अधिकारी, भारत भूषण परगनिहा, सुनील मिश्रा, रोहित रेड्डी, अमित सिंह चौहान, अमिताभ शर्मा, बी किशोर, श्रीकांत पाठक, पियूष खरालकर, आकाश, प्रियांशु शुक्ला, गोपेश, विक्रम, हरीश, हर्ष, अंकित सिंह, चित्रांश श्रीवास्तव, नरेंद्र व कनिष्क मिश्रा अदि सदस्य शामिल है। यह जानकारी भिलाई इप्टा के सह सचिव अमिताभ शर्मा ने दी।

120 वर्ग मीटर भूखंड क्षेत्रफल तक के आवासीय निर्माण के नियमितीकरण में शास्ती से मिल रही है छूट

■ **नियमों के विपरीत कर लिया है निर्माण तो करा सकते हैं नियमितीकरण**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नियमों के विपरीत निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का सुनहरा अवसर उन्हें मिल रहा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर कई लोगों ने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है। अनधिकृत विकास का अब नियमितीकरण का रास्ता साफ हो गया है। यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए भिलाई निगम में आवेदन करना होगा। निगम में पंजीकृत आर्किटेक्ट को इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके लिए मुनादी व प्रचार-प्रसार भी की जा रही है वही जनसमस्या निवारण शिविर में भी नियमितीकरण के आवेदन लिए जा रहे है। अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक को नक्शा आदि बनाकर आवेदन जमा करना होगा। आवेदन करने के पश्चात जिला नियमितीकरण समिति से अनुमोदन होने उपरांत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के द्वारा डिमांड जारी किया जाएगा और नियमितीकरण की प्रकिया की जाएगी। अनाधिकृत विकास पार्श्व खुला स्थान, तल क्षेत्र अनुपात, भूमि उपयोग में परिवर्तन, पार्किंग एवं पहुंच मार्ग की चौड़ाई आदि को देखते हुए किया जाएगा। भूखंड क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर तक के अनाधिकृत आवासीय निर्माण का नियमितीकरण में शास्ती से छूट मिलेगी।

कैसे करे नियमितीकरण के लिए आवेदन आवेदन, मानचित्र निगम के पंजीकृत वास्तुविद/इंजीनियर से तैयार कराकर आवेदन करना होगा। आवेदन निर्धारित प्रारूप में चेक लिस्ट के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड किया जा सकता है।अनाधिकृत निर्माण दिनांक 14 जुलाई 2022 के पूर्व से निर्मित है इस संबंध में साक्ष्य के रूप में भवन का बिजली बिल, प्रॉपर्टी टैक्स जिसमें तारीख अंकित हो जमा करना आवश्यक है, अन्य दस्तावेज आवेदन के प्रारूप एक में चेक लिस्ट के अनुसार संलग्न करके आवेदन करना होगा। नियमितीकरण कराने का यह बहुत अच्छा मौका है।

निगम ने नागरिकों से आम नोटिस अपील

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम, दुर्ग के द्वारा निगम क्षेत्र के अंतर्गत अमृत मिशन जलप्रदाय योजना के तहत हितग्राहियों को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, किन्तु प्रायः यह देखने में आ रहा है, कि अधिकांश हितग्राहियों के द्वारा दिये गये नल कनेक्शन का उचित रूप से रख-रखाव नहीं कर रहे हैं, अर्थात या तो नल की टोटी, वॉटर मीटर को निकाल लिया जाता है, या दिए गए नल कनेक्शन को घर के अंदर तक नहीं ले जाया गया है। फ्लस्वरूप शुद्ध पेयजल काफी मात्रा में अप्व्यय, बर्बाद हो रहा है।

कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम द्वारा जारी इस आम नोटिस के माध्यम से ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि तीन दिनों के भीतर अमृत मिशन योजना के अंतर्गत दिए गए नल कनेक्शन में प्रदाय किये गए वॉटर मीटर एवं टोटी को स्वयं की व्यवस्था से लगा लेवे, अन्यथा की स्थिति में पानी बहते हुए पाये जाने पर बिना किसी अन्य सूचना के नल कनेक्शन को विच्छेद, काट दिया जावेगा। जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित हितग्राही की होगी।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के मेयर कप पर भिलाई निगम का कब्जा

■ **महापौर नीरज पाल की टीम ने क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल मैच अपने नाम किया**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। मेयर कप के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधि खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट प्रतिस्पर्धा का आयोजन सुभाष स्टेडियम रायपुर में किया गया, जिसमें प्रदेश के नगर निगमो के पार्षद खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। फाइनल मुकाबला भिलाई महापौर नीरज पाल की मेयर 11 और बिलासपुर मेयर 11 के बीच हुआ। भिलाई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 154 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पहले, दूसरे, तीसरे, बैट्समैन ज्यादा देर तक मैदान में टिक नहीं पाए परंतु चौथे बैट्समैन के रूप में उतरे खुर्सीपार के जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 35 बॉल में 100 रन बनाकर शतक पूरा किया, 35 बॉल में उन्होंने 8 चौके और 10 छक्के लगाए और एक बड़ा स्कोर उन्होंने बिलासपुर के खिलाफ खड़ा किया, यही नहीं भूपेंद्र ने बॉलिंग में भी बेहतर प्रदर्शन किया और 3 महत्वपूर्ण विकेट भी उन्होंने लिए। इसके अलावा उमेश साहू ने 11 बॉल में 20 रन बनाए जिसमें 2 छक्के और 1 चौका उन्होंने लगाया। बिलासपुर मेयर इलेवन की टीम निर्धारित लक्ष्य 155 का पीछा करते हुए 12 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 98 रन ही बना पाई और बिलासपुर की टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब भूपेंद्र यादव को तथा मैन ऑफद सीरीज उमेश साहू को मिला। टीम का हौसला बड़ाने के लिए सभापति गिरवर बंटी साहू, मुकेश चंद्राकर, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, धर्मेंद्र यादव भी रायपुर के सुभाष स्टेडियम पहुंचे थे। महापौर नीरज पाल की मेयर इलेवन की टीम में क्रिकेट टीम के कप्तान व जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, खिलाड़ी जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, आदित्य सिंह, केशव चौबे व मन्नान गफ्फार खान, पार्षद नीतीश यादव, उमेश कुमार साहू, इंजीनियर सलमान, सुमन सिन्हा, योगेश साहू व राजेंद्र बंजारे शामिल थे, जिन्होंने पूरे मैच में शानदार खेल खेलते हुए अपनी टीम को मेयर कप दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सेजेस कुम्हारी में मैथ्स एग्जिबिशन प्रतियोगिता संम्पन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। सेजस कुम्हारी में गुरुवार को श्री रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर मैथ्स एग्जीबिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 जिसमें कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने गणित विषय के विभिन्न आयामों और सिद्धांतों पर आधारित मॉडल बनाए। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में एम.के.राजपूत (व्याख्याता गणित सेजस जजंगिरी), हरेंद्र सिंह भुवा (व्याख्याता गणित, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नारधा), एवं मुख्य अतिथि के रूप में एम. एस. ठाकुर (प्राचार्य गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरिया) उपस्थित थे। प्रदर्शनी का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात बच्चों ने रामानुजन के जीवन पर भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत की । माध्यमिक कक्षा के बच्चों द्वारा गणित विषय पर आधारित प्रोत्साहन गीत की प्रस्तुति दी गई। मैथ्स मॉडल प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी के बच्चों में प्रथम स्थान पर सौरभ एंड ग्रुप कक्षा 12वीं , द्वितीय स्थान पर रिया हवलदार एंड ग्रुप कक्षा 12वीं , तृतीय स्थान पर कुमकुम कुर्रे ग्रुप , मिडिल क्लास से प्रथम स्थान पर रिद्धि वाडेकर और भारती कक्षा छठवीं, द्वितीय स्थान पर लक्की पांडे कक्षा सातवीं, तृतीय स्थान पर रितिक खंडेलवाल कक्षा आठवीं, और ड्राइंग एंड चार्ट पेपर कंपटीशन में प्रथम स्थान पर अनुश्री ग्रुप कक्षा छठवीं, तृतीय स्थान पर ओमप्रकाश कक्षा आठवीं, तृतीय स्थान पर गौरव देवांगन कक्षा सातवीं इन सभी बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त किए । सभी गणित के मॉडल गणित के शिक्षक व व्याख्याताओं के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन पर बनाए गए एवं सभी कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्या लता रघु कुमार के मार्गदर्शन पर संपन्न हुआ ।

छग शासन द्वारा आयोजित रामायण प्रतियोगिता में ज्योति बालिका मानस मंडली रही प्रथम

कुम्हारी/नवप्रदेश। बुधवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत शासन के दिशा निर्देश के तहत ÷रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना 2022-23÷ के अंतर्गत दोपहर 12:00 बजे से सामुदायिक भवन वार्ड 06 में प्रतियोगिता आयोजित किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर उपाध्यक्ष के. रवि कुमार , मनहरण यादव लोक निर्माण प्रभारी, एवं पार्षद युजेन्द्र साहू, जानकी ध्रुव , शांति टंडन के आतिथ्य में संम्पन्न हुआ। उक्त रामायण मंडली प्रतियोगिता में निकाय क्षेत्रांतर्गत 5 मानस मंडलियां जिसमें ज्योति मानस मंडली कुम्हारी, ज्योति बालिका मानस मंडली कुम्हारी, गायत्री बालिका मानस मंडली कुम्हारी , श्री राम मानस एवं भजन मंडली जंजगिरी एवं मां महामाया मानस परिवार कुम्हारी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डॉ. मोहन लाल देशमुख एवं रेणुका चौबे व्याख्याता निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे। उक्त मानस प्रतियोगिता में ज्योति बालिका मानस मंडली, कुम्हारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित रामायण प्रतियोगिता इस कारण भी काबिले तारीफहै कि शासन ने हम प्रदेशवासियों की आस्था का खयाल रखा और इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया। आज समाज मे किस तरह सामाजिक मूल्यों का हास हो रहा है यह सर्वविदित है आज लोग नशे की गिरफ्त में हैं और युवा वर्ग वह भी दिशा हीन होकर इन्हीं बुरी आदतों का शिकार हो रहा है ऐसे में शासन द्वारा इस तरह के आयोजन से लोगों तक प्रेरणामयी संदेश जाएगा जिससे लोगों के जीवन मे भी बदलाव संभव है उन्होंने 5000 हजार रू का प्रोत्साहन राशि प्रत्येक मंडलीयो को प्रदान किये जाने की घोषणा की गई। समस्त मंडलीयो एवं निर्णायक मंडल को प्रतीक चिन्ह राजेश्वर सोनकर अध्यक्ष एवं मनहरण यादव प्रभारी सदस्य तथा जितेन्द्र कुशवाहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रूपेश टांक आ. स्व. चिरंजीव लाल टांक निवासी- सुपेला मार्केट भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भू ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 797/2 रकबा 0.020 हे. 2235 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक साधन बिस्वास पिता श्री जितेन्द्र नाथ बिस्वास निवासी कचरापारा-2 पोन्डरीपकना नवरंगपुर ओडिसा के द्वारा ग्राम/शहर जंजगिरी प.ह.नं. 49 में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 600/82 रकबा 0.042 हे./4550 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए बी-1 नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हेतु पुनःनिर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रदीप बघेल आ. श्री रामकिशन बघेल उम्र 43 वर्ष पता- ई-98 न्यू पुलिस लाईन, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि -

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री वृशाली बघेल जो कि नाबालिक है, उसका नाम परिवर्तन के संबंध में यह सत्यापित करता हूं कि वृशाली बघेल के नाम से पोस्ट आफिस, सिविस सेंटर भिलाई में सुकन्या समृद्धि योजना जिसका क्रमांक 3719353665 है। 2. यह कि वह अपना पुराना नाम वृशाली का त्याग कर नया नाम अदिति सिंह बघेल ADITI SINGH BAGHEL रख लिया है। आज से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम अदिति सिंह बघेल से जाना, पुकारा, एवं पहचाना जावे।

अतः यह शपथ पत्र नाम परिवर्तन एवं सुकन्या समृद्धि योजना में नाम सुधार किए जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र के कंडिका 1 से 2 तक में दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान के विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 21/12/2022 को स्थान दुर्ग में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर दिया हूं।

शपथकर्ता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

आन. प्र.क्र. 202212100400214
अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पूजा साहू आ. शिव कुमार निवासी- पैरी गुण्डरदेही के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 200/24 रकबा 0.011 हे. 1125 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गातापार अभनपुर जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-176 श्री दशरथ राम साहू पिता श्री सखाराम साहू पता- ग्राम नायकबांधा पोस्ट+थाना- अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आबंटन आदेश 2818 दिनांक 22.06.2013 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी खिलोरा जिला रायपुर में स्थित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-196 श्री भरतलाल मटियारा पिता श्री के.आर. मटियारा के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 3971 दिनांक 08.06.2009 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 07.11.2014 को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री भरतलाल मटियारा पिता श्री के.आर. मटियारा निवासी- एकता नगर ठेलकाबोड़ कांकेर जिला कांकेर (छ.ग.) उक्त भवन को क्रेता श्री राजेश पटले पिता श्री प्रहलाद पटले निवासी वार्ड नं. 07, पोस्ट परसवाड़ा जिला बैहर मध्यप्रदेश के पक्ष में विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्री राजेश पटले पिता श्री प्रहलाद पटले के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

किरायेदारों को मिला अपना घर, महापौर ने हितग्रहियो के बीच निकाली लॉटरी

दुर्ग/नवप्रदेश।। 22 दिसम्बर/नगर पालिक निगम/ प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी और मोर मकान मोर आस के तहत आवास आवंटन के लिए 22 दिसंबर को विवेकानंद सभागार में महापौर धीरज बाकलीवाल ने अधिकारियों एवम हितग्राहियो के बीच लाटरी निकाली। 20 दिसम्बर तक प्रथम किश्त हितग्राही अंशदान राशि जमा किए हुए आवेदकों के नाम को ही लॉटरी में शामिल किया गया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 368/ दिनांक 22.12.2022
वार्ड का नाम- **2- पं. जवाहरलाल नेहरू**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802G01313 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती JAYNARAYAN KASAR पिता/पति श्री/श्रीमती JIVANLAL KASAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती राजेन्द्र उपाध्याय पिता/पति श्री/श्रीमती बृजकिशोर उपाध्याय ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कालोनी सड्डू जिला रायपुर में स्थित भवन क्र. एमआईडी डीलक्स-42, श्रीमती सपना जैन पति श्री मनोज जैन को स्ववित्तीय /एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड दिनांक 26/11/2009 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर दिनांक 10/12/2014 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्रीमती सपना जैन पति श्री मनोज जैन निवासी- वत्सल बी-301, तिरूपति अपार्टमेंट टैगौर नगर पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती पिंकी राजीव सिंह पति श्री राजीव सिंह निवासी- गणेश कालोनी, अपोजिट जनता नगर निकोल रोड अहमदाबाद सिटी अहमदाबाद (गुजरात) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकरनगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 370/ दिनांक 22.12.2022
वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहरलाल नेहरू

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802K01846 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती RAVI TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. BASANT KUMAR TIWARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सपना किरार पिता/पति श्री/श्रीमती हर्षवर्धन अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 351/ दिनांक 22.12.2022
वार्ड का नाम- 20- रामकृष्ण परमहंस

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802C00612 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती M/S SHARDA DEVLEPARS DURA ROHIT BADWANR S/O SURESH BADWANI पिता/पति श्री/श्रीमती Suresh badwani के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Priyanka sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Late ramji sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 412/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/111/1 बैरनबाजार जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शहनाज पति हसन मेहंदी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री जोएब हुसैन पिता स्व. इकबाल हुसैन 2. मुर्तजा हुसैन पिता स्व. इकबाल हुसैन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 414/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/सी-103 प्रथम तल जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती निर्मला चतवानी पति श्री मनोहर चतवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री जितेन्द्र हिरवानी पिता दयालदास हिरवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 413/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/प्लाट नं. 103 रोज अपार्टमेंट जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती पूजा नायडू पति श्री अमित नायडू के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती स्वेता देवरकोन्डा पति श्री डी. राजीव देवरकोन्डा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सेजबहार जिला रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन क्र. 170 (1) श्री अनवर रशीद खान पिता श्री मो. इमरान खान (2) श्रीमती शहनाज बेगम पति श्री अनवर रशीद खान दोनों निवासी- एमआईजी-16 वीर सावरकर नगर मेधमल्हार परिसर हीरापुर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल का आबंटन आदेश क्र. 5732 दिनांक 07.11.2006 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन नंबर 0788-2673701 E-mail-cmoutai@rediffmail.com

क्रमांक/1569/लो.नि.शा./निविदा/न.पं./2022, उतई, दिनांक 22/12/2022

।। मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क एसओआर 01.01.2015 से कम/सामान/अधिक दर पर जिला खनिज न्यास मद/ 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 10.25 लाख रु. कुल 03 कार्य हेतु दिनांक 12/01/2023 को कार्यालयीन अवधि समय 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि	-	04/01/23 को शाम 05.00 बजे तक
2	कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	06/01/23 को शाम 05.00 बजे तक
3	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	12/01/23 को दोप. 03.00 बजे तक
4	निविदा खोलने की अंतिम तिथि	-	12/01/23 को शाम 04.00 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

'' अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखें, शौचालय का उपयोग करें। ''
'' जल ही जीवन है ''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई

बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज की एकता के लिए मार्ग किया हैं प्रशस्त : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेरला, ग्राम मोहरेगा, करेली एवं कण्डरका में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विधायक श्री छाबड़ा ने बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। साथ ही ग्राम करेली में विधायक निधि से निर्मित विश्वकर्मा समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य राशि 5 लाख रुपए का लोकार्पण सहित जैतखाम में टाईल्स निर्माण 1लाख एवं ग्राम कण्डरका के जैतखाम में टाईल्स व ग्रिल निर्माण 1.50 रुपए की घोषणा की।इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एक ऐसे संत थे, जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया, उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया। बाबा गुरु घासीदास एकमात्र संत हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में उपदेश दिया, उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा बोली को आगे बढ़ाने का काम किया हैं। जीवन में कौन व्यक्ति, कहां, किस धर्म में, किस स्थान में जन्म लेगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम अच्छी शिक्षा से व्यक्तित्व को निखार सकते हैं

और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे समय में जब लोगों में जाति धर्म को लेकर वैमनस्यता बढ़ रही हैं, तब बाबा गुरू घासीदास के वचन और उनके उपदेश लोगों को प्रेरणा और मार्गदर्शन देने वाले हैं। बाबा गुरु घासीदास के द्वारा कहे गए आदर्श संदेश मनखे मनखे एक समान को आत्मसात करने से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता हैं। सभी मानवों को एक समान मानते हुए प्रदेश सरकार सभी के हित में काम कर रही हैं और बाबा के आदर्शों और नैतिकता के रास्ते पर चलते हुए ही प्रदेश सरकार ने सफलतम 4 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर राज्य सरकार योजना बना रही हैं, छत्तीसगढ़ सरकार के यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में हमारे पुरखों एवं महापुरूषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा कर रही हैं। बाबा घासीदास के संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक हैं, बाबा गुरू घासीदास ने सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है का संदेश दिए, सामाजिक समरसता छत्तीसगढ़ की पहचान हैं। साथ ही ग्राम पंचायत करेली में जैतखाम में टाईल्स निर्माण 1 लाख एवं ग्राम पंचायत कण्डरंका में जैतखाम में चेकर टाईल्स व ग्रिल निर्माण हेतु 1.50 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, नेतराम निषाद, भीखम साहू, सूर्यप्रकाश शर्मा, अजय ठाकुर, धनराज बंजारे, आशीष परगनिया, मन्नू निषाद, उत्तम पाटिल, कुशाल नायक, दुकलहा कुर्रे, तुम्मन साहू, जितेंद्र साहू, राजेश गेंड्रे, अनुज आडील, वीरेंद्र यादव, कामता सिन्हा, अशोक पटेल, बेनीलाल वर्मा, ऋषि साहू, सुरेश साहू, चंदू यादव, खेलन यादव, गोपी निषाद, अशोक शर्मा, अलखराम पाटिल, किशन महीलांग, नागेश्वर चंदेल, ईलालाल कुर्रे, अजय खुटे, कैलाश चंदेल, मनीराम मारकंडे, कमलेश कुर्रे, बालराम मांडले, राजकुमार, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

आज 'मोर आवास मोर अधिकार' के तहत भाजपा का जंगी प्रदर्शन

■ **प्रदेश सरकार ने गरीबों का हक छिनने का किया है काम : शिवरतन शर्मा**

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा के निपानिया मंडल के ग्राम पंचायत कोसमंदा, पाटन, गुडेलिया एवं धनेली आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि भूपेश सरकार ने गरीबों का हक छिनने का काम किया है लगभग 08 लाख परिवारों के प्रधानमंत्री आवास को वापस कर दिया है। केन्द्र सरकार की जितनी भी योजना हो उसमें बंदरबाट करने का काम प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है।

आज तक कोई ऐसी सरकार नही आई जो यह सोचें कि हर परिवार के लिए सिर पर एक छत जरूरी हो, शौचालय हो यहां तक की जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत शुद्ध पेयजल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को भी मिले यह तक अगर कोई सोंच सकती है तो वह है केन्द्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार है।

विधायक शिवरतन शर्मा ने आगे ग्रामीणों से कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के 04 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्ट्राचार, अवैध वसूली का रहा है, छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार 4 साल के भ्रष्ट्राचार वसूली को गौरव दिवस के रूप में मना रही है।

विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में कलेक्टर,मंत्री यहां तक की मुख्यमंत्री के सचिवालय तक अवैध वसूली, भ्रष्ट्राचार के आरोप लगे हैं जिसकी जांच चल रही है।

शिवरतन शर्मा ने यह भी बताया कि झूठे वादे करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी। चाहे वह युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बात हो या बुजुर्गों को 1000 से 1500 तक पेंशन देने की बात और शराब बंदी पर तो मुंह ही बंद है।

चार साल तक केवल मंत्रीमंडल सदस्यों का टीम बनाकर अध्ययन ही चल रहा है। अब जनता के सामने परीक्षा देने का समय आ गया है, अध्ययन का समय समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार का तख्ता पलट कर जनता बखूबी जवाब देगी।

विधानसभा स्तरीय प्रदर्शन

विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया की आज 23 दिसम्बर 2022 को भाटापारा नगर के जयस्तंभ चौक पर विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम मोर आवास मोर अधिकार में सभी हितग्राहियों से बड़ी संख्या में आने के लिए आवाह्न करते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, महासमुंद सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व मंत्री, प्रदेश महामंत्री भाजपा केदार कश्यप मुख्य रूप से शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री स्वावलंबन में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चक्काजाम करने वाले भाजपा पदाधिकारियों की हुई गिरफ्तारी

■ **कांग्रेस सरकार और इसके नुमाईंदे भाजपा नेताओं को जेल का डर दिखा रहे : किशुन यदु**

■ **तानाशाही की ओर बढ़ रही सरकार विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कानून का दुरुपयोग कर रही**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर कहा है कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार तानाशाही की राह पर है। उन्होंने कहा कि, जनहित के मुद्दों पर सरकार और प्रशासन की अनदेखी के खिलाफप्रदर्शन करने पर नेताओं को जेल भेज दिए जाने का डर दिखाया जा रहा है। सहमी सरकार षड़यंत्र का सहारा ले रही है। कांग्रेस सरकार और इसके नुमाईंदे अपनी असफलता स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

किशुन यदु ने बताया कि, बीते महिनों में हमने भ्रष्टाचार और शहरवासियों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। शहर में कमला कॉलेज चौक स्थित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत निर्मित दुकानों के आबंटन में भ्रष्टाचार का विरोध और कौरिनभांठा क्षेत्रवासियों के लिए पेयजल की व्यवस्था को लेकर हमें प्रदर्शन करना पड़ा। इस मामले में राजनीतिक विद्वेष के तहत कांग्रेस सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने मुझ सहित जिला भाजपा प्रवक्ता रविन्द्र सिंह, जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, शहर भाजपा उपाध्यक्ष सुमित भाटिया, पार्षद गगन आईच और जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष आशीष डोंगरे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उन्होंने कहा कि, यही नहीं हमें जेल भेजे जाने का डर दिखाया जा रहा है। यदु ने बताया कि, इन प्रकरणों में गुरुवार, 22 दिसंबर को हम नेताओं को न्यायालय से जमानत मिल गई है। कांग्रेस सरकार विपक्ष को दबाने और अपने अत्याचार को छिपाने अब विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है और इसके लिए कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को दिया जाने वाला राजनीतिक सम्मान और जनहितों के मुद्दों पर साथ कार्य करने की मंशा से दूर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार कुशासन, तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है।

नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि, जनहित और अन्याय के मुद्दों पर विपक्ष की आवाज़ से डरी-सहमी सरकार षड़यंत्र रचने लगी है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि संभव है कि चुनावी वर्ष में भूपेश बघेल भाजपा नेताओं को बंदी बनाने का षड़यंत्र रच रहे हैं। वे अपनी असफलताओं से सहमे हुए हैं और भविष्य की अनिश्चितता से घिरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि.. हम भाजपा के सिपाही हर क्षण संघर्ष की शपथ दोहराते हैं। हमें जेल की दीवारें या तानाशाहों का अत्याचार डिगा नहीं सकता। विरोधी चाहे जितनी कोशिश कर लें.. हम उनके कुशासन को चुनौतियां देते रहेंगे।

मामूली विवाद पर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के थाना चिल्फी में आज दिनांक-22.12.2022 को प्रातः 8:30 बजे प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि यादव टोला चिल्फी में रहने वाले दशरथ यादव पिता स्वर्गीय रामायादव उम्र 50 वर्ष के द्वारा अपनी दूसरी पत्नी सीमा यादव को सिर में लोहे के राड जैसे भारी वस्तु से मारकर हत्या कर भाग गया है। की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी चिल्फी के द्वारा पुलिस टीम घटनास्थल पर रवाना किया गया तथा उक्त घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्फी के द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने में अपराध क्रमांक 40/2022 धारा-302 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी के पता तलाश हेतु विशेष टीम बनाकर पता तलाश हेतू रवाना किया गया पता तलाश दौरान जल्द ही

पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुआ और आरोपी दशरथ यादव पिता स्वर्गीय रामायादव उम्र 50 वर्ष साकिन यादव टोला चिल्फी थाना चिल्फी जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अपनी पत्नी सीमा यादव से आए दिन घरेलू विवाद होने के कारण गुस्से में आकर लोहे के रॉड जैसे भारी वस्तु से मारकर प्राणघात हमला कर हत्या करना स्वीकार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त लोहे के रॉड नुमा वस्तु को अपने घर के अंदर रखें फोल्डिंग पलंग के पीछे छुपा कर रखा था। जिसे गवाहों के समक्ष पुलिस टीम के समक्ष प्रस्तुत कर जप्त कराया गया। जिस पर पुलिस टीम के द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक श्री विकास बघेल के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से प्रधान आरक्षक उमा शंकर नाग, महेश पांडे, गोकुल सोनकर, आरक्षक रामनारायण, संतोष बर्वे, गजेंद्र रात्रे, सुशांत पटेल, मोहम्मद हसनैन, हिरदेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुई एनएसयूआई

खैरागढ़ छुईखदान/नवप्रदेश। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार केसीजी जिलाध्यक्ष सुमित छाजेड़ के नेतृत्व में जिला एनएसयूआई की टीम दिल्ली रवाना हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर एनएसयूआई की टीम को रवाना किए जिला एनएसयूआई की सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए केसीजी जिला अध्यक्ष की अगुवाई में भारत जोड़ों यात्रा मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किए आपको बता दें कि 7 सितंबर से कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं जिसको समर्थन करने के लिए कांग्रेश की सभी विंग लगातार भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे हैं इसी कड़ी में एनएसयूआई खैरागढ़ छुईखदान गंडई की टीम दिल्ली रवाना हुए उक्त कार्यक्रम में निलेश वर्मा, सूरज महिलकर, विजय वर्मा , वासु सिंह, सचिन साहू, लिमांशु चंदेल, सतीश निषाद, अभय निषाद, शिव देवांगन, शुभम सिंहा, सूरज देवांगन, उत्तम सिंह , डेवन वर्मा, लाल चंद वर्मा, मोराजध्वज वर्मा, हितेश वर्मा, चंदेल वर्मा को भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

21 कुंडीय महायज्ञ में शामिल हुई भावना, प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम रवेली में आयोजित 21 कुंडीय महायज्ञ में भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेशमंत्री एंव जिला पंचायत सभापति भावना बोहरा शामिल हुई और यज्ञ कुंड की परिक्रमा कर पूरे प्रदेश के लिए भगवान श्री गणेश जी से सभी के सुख-शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की। उन्होने संत सियाराम दास महाराज से सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया साथ ही इस दौरान यज्ञ में पधारे भक्तजनों के लिए भंडारा में सहयोग भी किया। ज्ञात हो कि इस महायज्ञ में रोजाना बडी संख्या में हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे।

बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान अब आपके पड़कीडीह में : गुरुदयाल

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम पड़कीडीह में कार्यालय कनिष्ठ अभियंता वितरण केंद्र का लोकार्पण गुरुवार को संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने किया। लोकार्पण के बाद संसदीय सचिव ने आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि अब आसपास के ग्रामीणों को नवागढ़ नही जाना पड़ेगा। बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान अब आपके पड़कीडीह में ही हो जाएगा।

उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा की असुविधा से बचने के लिए नियमित बिजली बिल के भुगतान करना चाहिए साथ ही रीडिंग भी कराना चाहिए, हमे जागरूक होना चाहिए तभी हम अच्छे से शासन के योजना का लाभ ले सकते है। अँधियारखोर केंद्र खुलने से समय का बचत होगा और आस पास के ग्रामीणों को नजदिक में सुविधा मिलेगी। राज्य शासन आम जन को बिजली सुविधा देने हर प्रयास कर रही है। हमे राज्य सरकार रियायत दर पर बिजली सुविधा दे रही है इसलिये हमे बिजली चोरी से बचना चाहिए। आज बिना बिजली के कुछ भी संभव नही है इसलिये अतरिक्त बिजली ख़पत से बचना चाहिए।

कार्यक्रम को नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, जनपद सदस्य संतोष साहू, सरपंच मनीष साहू, जीवन धर ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण सहायक यंत्री मनीष अग्रवाल ने दिया।

कार्यक्रम में रामसागर साहू, बलभद्र सिंह ठाकुर, तुलसी बांधे, रमेश साहू, नेहा साहू, प्रहलाद साहू, रमेश निषाद, बिजली विभाग से अनिल चंद्राकर, मोहन दास, हरीश कुमार उपस्थित थे।

नरोत्तम बघेल जिलाध्यक्ष चुने गए

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति जिला बलौदा बाजार भाटापारा के द्वारा नैन दास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में आवश्यक बैठक रखा गया था जिसमें नरोत्तम बघेल को जिलाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश संरक्षक सरजुप्रसाद घृतलहरे, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढ़ीढ़ी, प्रदेश सह सचिव महेश घृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित थे। संरक्षक सरजुप्रसाद घृतलहरे ने समिति के नियमावली की जानकारी देते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य शादी योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित करना व सामुहिक आदर्श विवाह करवाना है जिससे समाज मे हो रही फिज़ूलखर्ची व समय की बचत हो सके। समिति के जिलाध्यक्ष की असमय मृत्यु होने से यह पद रिक्त है जिसकी पूर्ति हेतु बैठक आयोजित की गई है

बलौदाबाजार जिला के सामाजिक एकता के कारण सर्वसम्मति से नरोत्तम बघेल को जिलाध्यक्ष चुनने में सहयोग मिला जो सराहनीय है। बैठक में उपस्थित होने वालों में विजय बाँधे, नरेंद्र बंजारे, शत्रुघ्न बंजारे, राजेश कुर्रे, शांति पात्रे, देवेन्द्र बंजारे, गणेश बघेल, सहदेव जोशी, जगमोहन घृतलहरे, सुशील बंजारे, महेन्द्र टंडन, दासी कोसले, भूपेंद्र मनहर सहित अनेक लोग शामिल थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती जयंती साहू पिता/पति विनोद साहू निवासी नंदिनी रोड वार्ड नं. 27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर जंजगिरी प.ह.नं. 49 में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 600/80 रकबा 0.020 हे./2200 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए बी-1 नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हेतु पुनःनिर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अशोक कुमार पण्डा आ. अनंतराम पण्डा निवासी पंचशील नगर पश्चिम मरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर जंजगिरी प.ह.नं. 49 में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 600/76 रकबा 0.0149 हे./1600 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए बी-1 नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हेतु पुनःनिर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

श्रीमती वासनी देवी साहू

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती वासनी देवी साहू पति श्री शिवकुमार निवासी- ग्राम पैरी तहसील गुण्डरदेही बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
पोटियाकला प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग	200/25	0.020हे. 2100 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला- दुर्ग

रा.प्र.कं./202212100400196 अ/2, 2022-23

पक्षकार का नाम - श्री अनिल जैन

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री अनिल जैन आ. श्री मुन्नालाल जैन निवासी म.नं. 307/1 वार्ड-1, सिकोसा बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.स.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम प.ह.नं. जहां भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
दुर्ग, प.ह.नं. 24 तह. व जिला दुर्ग	495/61	0.0804 हे.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जोवगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला- दुर्ग

// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) //

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 क्रमांक वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक- श्री रजनी दुबे आ. शरद दुबे साकिन सेक्टर 6 भिलाई द्वारा ग्राम जुनवानी प.ह.न........रा.नि.मं...... तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 15006/7 रकबा 1250 वर्गफीट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता मेसर्स चौहान हाउसिंग बोर्ड पार्टनर अजय चौहान आ. दिपेश्वर चौहान से क्रय किया गया है की नामान्तरण किये के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 30/12/2022 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/12/ 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर

दावा-आपत्ति



1. बच्चे का नाम :- बालिका लक्ष्मी (संस्था द्वारा दिया गया नाम)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनाँक :- 28/10/2022
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर
4. रंग :- गोरा
5. उम्र :- 15 दिन

उक्त बालिका दिनाँक 28/10 /2022 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं. / 2155 / बा.क.स./ 2021-22 रायपुर दिनाँक 28/10/2022 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी सेवाभारती मातृछाया, रायपुर रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनाँक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वितीय तल, नेताजी सुभाष स्टेडियम, मोतीबांग चौक, जिला - रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मो. न. - 9926110895

जी - 96889/1

दिसम्बर 2023 में भाजपा का मुख्यमंत्री लेने जा रहा शपथ : चंद्राकर

■ **नवागढ़ में गरजे कुरूद विधायक अजय**

नवागढ़/नवप्रदेश। बुधवार को नवागढ़ भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान के तहत नवागढ़ विधानसभा स्तरीय बैठक एवं आमसभा के पूर्व मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर नवागढ़ में एकदिवसीय प्रवास पर रहे। जहां उन्होंने भाजपा नवागढ़ विधानसभा समन्वय समिति एवं संगठन व जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। जिससे पश्चात बस स्टैंड नवागढ़ में आम सभा को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में चन्द्राकर के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, जिला प्रभारी डॉ अजय राव, जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह, विधानसभा प्रभारी तोखन साहू, जिला महामंत्री विकास दीवान व नरेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री डीडी बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी सहित वरिष्ठ नेता गण शामिल हुए।

सभा में विधायक चंद्राकर ने नवागढ़ के कांग्रेसी विधायक गुरुदयाल बंजारे की तुलना गिधवा प्रवासी पक्षियों से करते हुए कहा कि यह विधायक एक टूरिस्ट विधायक है जो नवागढ़ में केवल प्रवास पर घूमने आते हैं। और बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर ट्रेलर दिखाते हैं। मैं भी नवागढ़ में देखना चाहूंगा कि 25 करोड का राम मंदिर कहां बन रहा है, चांदी जड़ित जैतखाम कहां है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अवैध शराबखोरी,जुआ, सट्टा, बलात्कार, मर्डर सब आपराधिक गतिविधियां चरम पर है। लेकिन पुलिस को वीआईपी ड्यूटी से फुर्सत नहीं है।अब जरूरत आन पड़ी है कि अब जनता पुलिस की भी नियुक्ति किया जाए, जो कम से कम जनता की दुख पीड़ा को सुनें। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार स्टार्टअप अवैध शराब बेचना है पहली बार देखा गया है कि सटोरियों ने अखबारों में सट्टे का विज्ञापन लगाया है। छत्तीसगढ़ में संगठित लूट तंत्र काम कर रही है। पैसा के हिसाब से पोस्टिंग दी जा रही है। कोयला दलाली धंधा बना हुआ है।

भूपेश बघेल ने झूठा छत्तीसगढ़ियावाद का भ्रम फैलाया हुआ। मैं पूछना चाहूंगा कि क्या छत्तीसगढ़ में तीजा, पोरा, हरेली, देवारी, पुन्नी सब अभी 5 साल में शुरू हुआ है पहले नहीं मनाया जाता था क्या। केंद्र की मोदी सरकार ने कोरोना काल से लेकर ढाई वर्षो तक मुफ्त में राशन वितरण किया है। उसमें भी कांग्रेस की राज्य सरकार ने 5000 करोड़ की चोरी कर ली है। गरीबों का राशन तक खाने वाली सरकार पता नहीं और कितना गिरने वाली है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 2023 के 17 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री शपथ लेने जा रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी एक व्यक्ति ना होकर संगठन के लिए काम कीजिए। नेता आते जाते रहते हैं। संगठन हमेशा कार्यकर्ताओं को सम्मान करती है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सवन्नी ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक वादे प्रदेश की जनता से किए थे। उसमें से आज तक कोई भी वायदा पूरा नही किया है। हर मोर्चे पर यह सरकार फेल हो चुकी है। ऐसी सरकार को पद में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि सरकार अपने किए वादो से जब मुकर रही है तो स्पष्ट हो गया है कि सरकार में मंत्री विधायक कांग्रेस के नेता सिर्फलूट मार में लगे है।

जिला महामंत्री विकास दीवान में कहा कि नवागढ़ विधायक गुरुदयाल बंजारे हिंदू मंदिरों को विवादित कर रहे है। नवागढ़ में राम मंदिर निर्माण, नंदी की प्रतिमा को हटाना, भैरव बाबा तक नहर रोड निर्माण को आधा करना, शमी वृक्ष पर कब्जा, महामाया मंदिर गौरव पथ को रोकना जैसे अनेक कार्य हिंदुत्व के खिलाफहै। पिछ्ले 04 वर्षों से हमने लड़ाई लड़ी है आगे भी लड़ते रहेंगे।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू, परमेश्वर वर्मा, नरेंद्र शर्मा, दयावंत धर बांधे, विजय सिंहा, बबलू राजपूत, देवादास चतुर्वेदी, मधु रॉय, गिरेन्द्र महिलांग, हरिकिशन कुर्रे, जगजीवन खरे, निमिराज सोनवानी, चन्द्रपाल साहू, अजय साहू, परस वर्मा, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, दुर्गा सोनी, भगत कुम्भकार, टार्जन साहू, तानसेन पटेल, बब्बू शुक्ला,होरिलाल सिन्हा,सुरेंद्र सिंह, कृपाशंकर त्रिपाठी, अभिषेक राजपूत, सुरेश निषाद, गजेन्द्र साहू, टीकम गोस्वामी, दुर्जन साहू, रितेश मिश्रा, तनु दीवान, धनीराम निर्मलकर, गोलू सिन्हा, मनीष श्रीवास, मिथलेश सोनकर, फूलचंद साहू, गुरमुख भार्गव, युपेश साहू, बालशंकर वर्मा, जितेंद्र मात्रे,कुलेश्वर सिन्हा, रामकुमार देशलहरा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीवान का रहा दबदबा

भाजपा सगंठन द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में विकास दर दीवान की टीम भारी पड़ते नज़र आई। बैठक, हितग्राही सम्पर्क एवं आमसभा में टिक की सक्रियता नज़र आई। कहीं न कहीं विधायक चन्द्राकर के दीवान यहां चाय पर जाने तथा मधु राय यहां भोजन को अनेक कयासों से जोड़ा जा रहा है।

क्रिसमस एवं नया वर्ष पर पटाखा के उपयोग हेतु दिशा निर्देश जारी

खैरागढ़/ नवप्रदेश। जिला दण्डाधिकारी डॉ. जगदीश कुमार सोनकर द्वारा शासन के निर्देश पर क्रिसमस एवं नव वर्ष एवं अन्य पर्वों में सीमित समय के लिए ग्रीन पटाखों के उपयोग पर जोर दिया गया है। छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत क्रिसमस उवं नया वर्ष के अवसर पर रात्रि 11:55 बजे से 12:30 बजे तक पटाखे फोड़े जाने का समय निर्धारित किया गया है। कम उत्सर्जन करने वाले इंप्रूव्ड एवं हरित पटाखों का निर्माण एवं विक्रय किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य पटाखों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाया गया है।

पटाखों के उपयोग के संबंध में अन्य निर्देश माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन (सिविल) अर्जुन गोपाल विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में सीरीज पटाखे अथवा लडियो के विक्रय, उपयोग एवं एवं निर्माण को प्रतिबंधित करना है। केवल उन्हीं पटाखों को विक्रय किया जाना है जिसके ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा (125 डेसीबल) के भीतर हो। ऑनलाइन अर्थात ई-व्यापारी वेबसाइट जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण बीमारियों की घातक रूप की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा क्रिसमस/नए वर्ष के अवसर पर शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का मापन का कार्य किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने के उपरांत मंडल मुख्यालय के माध्यम से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली को प्रेषित की जानी है।

गौठानों में नवाचार को प्रोत्साहित करने जारी किए दिशा निर्देश : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक**

खैरागढ़/नवप्रदेश। डा.जगदीश कुमार सोनकर ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। जनसंवाद में एक भी प्रकरण लंबित नहीं होने अधिकारियों को कार्यो की सराहना की गई । भविश्य में भी जनसंवाद में प्राप्त प्रकरणों की समय सीमा में निराकरण करने विभागों को व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य की जानकारी कृषि सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो से ली। गोधन न्याय योजना में गौठानों के माध्यम से महिलाओं को सषक्त और स्वालंबी बनाने, नवाचार करने हेतु प्रोत्सोहित करने मुख्य रूप से कहा गया । गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की गतिविधियों में युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। इससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार और आमदनी का अच्छा जरिया मिलेगा। गौठानों में किसान स्वयं पैरादान कर रहे हैं। पैरादान के लिए किसानों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जब गौठानों में पशुओं के लिए चारा और पानी की व्यवस्था होगी, तो पशु खेती और सड़कों के बजाय गौठानों में रहेंगे। बैठक के दौरान जिलाधीश ने नए जिले के सेटअप, जिला स्तर पर गठित विभागीय समिति आदि के गठन के सम्बन्ध में जानकारी ली । विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने हेतु कहा । सड़क दुर्घटना की जगहों को ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर समीप कैंप लगाकर उपचार करने के निर्देश दिए। ग्रामपंचायत वार शिविर लगाकर हड्डी रोग से ग्रसित व्यक्तियों को उपचार करने निर्देश , धनंवतरी मेडिकल स्टोर के माध्यम से जिले के लोगों को गुणवत्तायुक्त सस्ती दवाईयों का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया है ।

वनांचल क्षेत्रों में रोजगार मेला कैंपा लगाकर रायपुर में होने

शिखर सम्मान की रक्षा के लिए जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

नवागढ़ /नवप्रदेश। शिखर सम्मान की रक्षा के लिए नवागढ़ के जैन समाज ने एसडीएम को राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। जिसमें अपील किया गया कि सम्मेद शिखर को अभ्यारण और पर्यटन बना कर उसकी शुद्धि और पहचान को नष्ट ना करें। उल्लेख किया गया कि संपूर्ण भारत के जैन समाज का तीर्थ स्थल सम्मेद चोटी जहां सरकार के द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किया गया है जिसके विरोध में नवागढ़ जैन समाज के लोगो ने भी ,झारखंड सरकार के अनुसंशा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गिरिडीह जिले के मधूबनी स्थित जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थ समवेत शिखर को वन्य प्राणी अभ्यारण का एक हिस्सा घोषित किया गया है उसका विरोध किया है।

जैन समाज के तीर्थ स्थल को पर्यटन और अभ्यारण्य बनाए जाने से शाश्वत तीर्थ की स्वतंत्र पहचान और सत्यता नष्ट हो जाएगी। अभ्यारण बनने से गैर-जैन समाज के लोग और मांस की बिक्री भी होगी जिससे जैन तीर्थ का अपमान और अनादर होगा। इस दौरान एल्डरमैन नगर पंचायत नवागढ़ अमित जैन, मनीष जैन, लक्ष्मीचंद जैन, अर्पित जैन, सोम जैन, हिमांशु जैन, शुभम जैन उपस्थित रहे।

मरार पटेल महासंघ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान, रायपुर में होगा आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। पिछले वर्ष 24अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में इंडोर स्टेडियम रायपुर में महासंघ का एकीकरण हुआ । इसके पहले समाज भोयरा , कोसरिया और हरदिहा अलग अलग घटकों में बटा था । महासंघ गठन पश्चात समाज में अलग अलग प्रकोष्ठों का गठन प्रदेश अध्क्ष देवचरण पटेल ने किया जिससे समाज को सही दिशा और दशा मिल सके । कर्मचारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष लिलार सिंह पटेल को बनाया गया । लिलार सिंह ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए एक बहुत बड़ा आयोजन 25 दिसंबर को रायपुर में आयोजित कर रहे हैं जिसमें समाज के अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा । रायपुर के रविन्द्र मंच, काली बाड़ी में जागेश्वर कौशल और गौतमचंद पाटिल के मुख्य आतिथ्य तथा महासंघ अध्यक्ष देवचरण पटेल के अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा दसवीं - बारहवीं सहित विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के विद्यार्थियों को तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक जनों को सम्मानित किया जाएगा। कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष लिलार सिंह पटेल ने बताया प्रतिभा सम्मान आयोजित करने का उद्देश्य समाज के प्रतिभाओं को आगे लाना है जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिल सके। कर्मचारी प्रकोष्ठ समाज के शैक्षणिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है । इसी कड़ी में समाज का वेबसाइट विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से सतत कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। वहीं आयोजन को सफल बनाने लगातार बैठक की जा रही है। छ.ग.मरार पटेल महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लीलार सिंह पटेल ने सभी सामाजिक जनों से निवेदन करते हुए कहा है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति की अपील की है।

राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ आयोजन

नवागढ़ /नवप्रदेश। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाधान महविद्यालय बेमेतरा के संचालक अवधेश पटेल के द्वारा इस अवसर पर मानसिक चेंतना को कैसे बढ़ाया जाय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बताया कि श्रीनिवास रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे। इन्हे आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है इन्हे गणित में कोई प्रशिक्षण नहीं मिला फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवम् संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए।साथ ही बताया कि ईश्वर ने हम सभी की बुद्धि एक समान दिया है चेतन मन और अवचेतन मन को कैसे बढ़ाया जा सकता है।

प्रथम पेज का शेष

सरकारी भवनों में गोबर ...

हुए कहा है कि नेक इरादों से ही देश और प्रदेश दूसरों के लिए प्रेरणा बनते है। श्री बघेल ने कहा है कि गोधन और श्रम का सम्मान कर छत्तीसगढ़ गांधी जी के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

ये सब यात्रा रोकने के बहाने हैं, वे सच्चाई से डरे हुए हैं : राहुल

नई दिल्ली। 'भारत जोड़ो यात्रा' के निलंबन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा लिखे गए पत्र पर राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा भारत की सच्चाई से डरी हुई है और भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के बहाने के रूप में कोविड का इस्तेमाल कर रही है। बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि अगर कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा सकता तो वह 'भारत जोड़ो यात्रा' निलंबित करने पर विचार करें। इसको लेकर उन्होंने कांग्रेस नेता को पत्र लिखा है। पत्र के बाद से ही कांग्रेस पार्टी भाजपा पर हमलावर है। गुरुवार को एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, यह उनका (भाजपा का) नया आइडिया है। उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि कोविड आ रहा है और यात्रा बंद कर दो। ये सब इस यात्रा को रोकने के बहाने हैं। वे यात्रा को रोकने के बहाने बना रहे हैं कि मास्क पहनो, यात्रा बंद करो, कोविड फैल रहा है... सब बहाने हैं। हिंदुस्तान की शक्ति से, हिंदुस्तान की सच्चाई से ये लोग डर गए हैं। यही सच्चाई है।

राज्यपाल से मिले 14...

आरक्षण विधेयक भी हस्ताक्षर करने की मांग रखी। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की ओर से आरक्षण को लेकर एक बड़ा अल्टीमेटम दिया है। दरअसल, आरक्षण संशोधन विधेयक के मुद्दे में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने राज्यपाल अनुसुइया उइके को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि राज्यपाल 3 दिन में विधेयक पर हस्ताक्षर करें, नहीं तो राजभवन घेराव किया जाएगा। बता दें कि राज्यपाल अनुसूईया उइके तीन दिन के दिल्ली दौरे से बुधवार रात वापस लौटी। रायपुर हवाई अड्डे पर छत्तीसगढ़ के आरक्षण संशोधन विधेयकों के भविष्य पर उनसे सवाल हुआ। जवाब में राज्यपाल ने कहा, दिल्ली में प्रदेश की सारी गतिविधियों पर चर्चा की गई। ये विषय भी मैंने बताया। राज्यपाल ने कहा, अपने विधि सलाहकार की सलाह पर उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को 10 प्रश्न भेजा है। सरकार की ओर से उसका जवाब आने के बाद उस पर विचार करूंगी।

सीएम ने कहा, अपनी जिद पर अड़ी हैं गर्वनर : मुख्यमंत्री ने कहा, इतने दिन में मैं समझता हूं सब क्लियर हो चुका होगा। यह उनके अधिकार क्षेत्र के बाहर है, लेकिन वे उसी पर अड़ी हुई हैं तो हम उसका जवाब भेज देंगे। भेजने में कितना देर लगता है, लेकिन वह उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। जो चीज विधानसभा से पारित हो चुका है, उसमें विभाग थोड़ी न जवाब देगा। लेकिन अगर वे अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है और नियम से बाहर जाकर काम करना चाहती है तो हमें कोई तकलीफ नहीं है। प्रदेश के हित में बच्चों के भविष्य को देखते हुए हम किसी प्रकार का अड़ंगा नहीं होने देंगे। वह चाहती है कि उनकी जिद पूरी हो तो हम भिजवा देंगे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शैलेन्द्र पाण्डेय (Shailendra Pandey) S/O Hriday Nath Pandey (हृदय नाथ पाण्डेय) निवासी 38, Street no.1, ward no. 23, Deepak Nagar, Durg (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम Shailendra Kumar Pandey (शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय) S/O Hriday Nath Pandey रख लिया है । अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम Shailendra Kumar Pandey S/O Hriday Nath Pandey से ही जाना पहचाना जावे ।

Shailendra Kumar Pandey
38, Street no.-1,
Ward no. 23,
Deepak Nagar,Durg (C.G.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
कार्यालय उतई रोड एलआईसी आफिस के पीछे पदमनाभपुर दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष 0788-4901906 ईमेल-eochbzonedurg@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पलता नागवंशी पति श्री एच.आर. नागवंशी निवासी-ब्लाक नं. ए लोट्स भवन क्र-24, तालपुरी रूआबांधा भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र दुर्ग द्वारा तालपुरी रूआबांधा भिलाई में स्थित गुलमोहर फ्लैट क्र. 311 (तृतीय तल) जिला दुर्ग में आबंटित किया गया है। आबंटी श्रीमती पुष्पलता नागवंशी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 13.12.2016 एवं फ्री होल्ड दिनांक 23.02.2021 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 16.11.2022 को श्रीमती गीता पाणिग्राही पति श्री अशोक कुमार पाणिग्राही के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती गीता प्राणिग्राही द्वारा पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती गीता पाणिग्राही के नाम हस्तांतरण/ नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/ दावाा इस कार्यालय में कार्यालयी समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के साथ आज दिनांक 19.12.2022 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री रूपसिंह साहू

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रूप सिंह साहू आ. श्री सुखितराम साहू निवासी- आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	834/16	0.030हे. 2700 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री दीपक कुमार सोनी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दीपक कुमार सोनी आ. श्री रविकरण सोनी निवासी- वार्ड नं. 03 न्यू कालोनी गयानगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
दुर्ग प.ह.न. 24 तह. व जिला दुर्ग	850/161	0.011हे. 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

202212100400198/अ-2/ 2022-23
श्री चरण सिंग

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री चरण सिंग आ. माधो सिंह निवासी- सुपेला भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	5924/8	0.008हे. 807 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 151/ दिनांक 21.12.2022
वार्ड का नाम-38- शहीद जुड़ामणी नायक

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 38 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR516E00147 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सुषमा परिहार पिता/पति/श्री/ श्रीमती महेंद्र सिंह परिहार के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती महेन्द्र सिंह परिहार पिता/पति/ श्री/श्रीमती स्व. दलीप सिंह परिहार ने शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, पुरानी बैनामा की छायाप्रति, पूर्व संपत्तिकर रसीद एवं आधार कार्ड वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विनोद पाण्डे
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 366/ दिनांक 22.12.2022
वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहरलाल नेहरू

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802K00039 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती ALOK KUMAR CHOUMAL पिता/पति श्री/श्रीमती BENI PRASAD CHOUMAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मुकेश कुमार मिश्रा पिता/पति श्री/श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्र ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल रावणभाठा रायपुर
EmailID- rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.-343/2022-23
वार्ड का नाम-60-चन्द्रशेखर आजाद

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-60 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी RPR652F01295 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती LAXMI DHANGAR पिता/पतिRAJKUMAR DHANGAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती LILY MINJ पिता/पति W/O ROBERT MINJ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

सूचना जारी करें

श्री ए.के. हलदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हूमा परवीन पति मो. उस्मानी निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 709/87 रकबा 750 वर्गफुट भूमि को विक्रेता बिसहत राम सिन्हा पिता रूपसिंह सिन्हा निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17/2/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/12/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 15/12/2022
सुनवाई दिनांक 30/12/2022

सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ-जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00056 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. सीजी5106214112022004

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00056 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी नजूल जांच अधिकारी दुर्ग पिता/पति अंकित नहीं पिता कलेक्ट्रेट दुर्ग व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 827/1(0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सबीया सुल्ताना बेगम पिता/पति शेख अब्दुल कादिर पता-कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/12/2022 को सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकाशन की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा अपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/12/2022 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 227/2022-2023
वार्ड का नाम-39- स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR715B00162 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अशोक त्रिवेदी पिता/पति/श्री/ श्रीमती मन्नूलाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीलम गोयल पिता/पति/श्री/श्रीमती संजीव गोयल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विनोद पाण्डे
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 232/दिनांक 21.12.2022
वार्ड का नाम-**39- स्वामी आत्मानंद**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR715B00162 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अशोक त्रिवेदी पिता/पति/श्री/ श्रीमती मन्नूलाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीलम गोयल पिता/पति/श्री/श्रीमती संजीव गोयल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विनोद पाण्डे
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 149/ दिनांक 21.12.2022
वार्ड का नाम-38- शहीद जुड़ामणी नायक

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 38 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR516B00471 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सूरज बाई, कल्पनाबाई कश्यप पिता/पति/श्री/ श्रीमती स्व. हृदयराम कश्यप के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कल्पना कुलश्रेष्ठ पिता/पति/श्री/श्रीमती अजय कुलश्रेष्ठ ने शपथपत्र, मृत्यु प्रमाणपपत्र, पूर्व बैनामा की प्रति, पूर्व संपत्तिकर रसीद एवं आधार कार्ड वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विनोद पाण्डे
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

कांग्रेसी पहुंचे खरीदी केंद्र, किसानों से की मुलाकात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों की सहुलियत के लिए 1 नवंबर से सुचारू रूप से धान खरीदी शुभारंभ किया है। इसी तारतम्य में आज दिनांक को जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू के नेतृत्व में कांग्रेसी धान खरीदी केंद्र महाराजपुर पहुंचे, खरीदी केंद्र की व्यवस्थों का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से मुलाकात कर समस्याएं सुनी। जिसमें किसान संतुष्ट नजर आए। वहीं खरीदीं केंद्र में धान उठाव नहीं होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होने की जानकारी मिली, जिस पर कांग्रेसियों ने तत्काल धान उठाव के लिए डीएमओ राठौर को टेलीफोन के माध्यम से जानकारी दिया एवं धान की तुरंत उठाव के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू, जिला आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष अंजलि घावडे, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राम गुलाल घावडे, ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच प्रतिनिधि पुनेश्वर चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

आरक्षण के विरोध में किया प्रदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। समाज प्रमखो के द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा 76 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में पारित विधेयक के विरोध में उसे निरस्त कराने हेतु आज दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपने समाज के सैकड़ों युवा एवं महिलाएं रैली के शक्ल में महाराणा प्रताप पार्क से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेड पहुंचे जहा कलेक्टर द्वारा नियुक्त नायब तहसीलदार साहू ज्ञापन लिए। इस अवसर पर परक्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश सिह ठाकुर, नगर अध्यक्ष रामसिंह ठाकुर, केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह केंद्रीय प्रचार सचिव दुखहरण सिंह, संरक्षक कल्याण सिंह झुररू सिंह,रामकुमार ठाकुर, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ,हेम सिंह ठाकुर,चतुर सिंह ,केहर सिंह ठाकुर ,रामेंद्र सिंह ठाकुर परिक्षेत्र मिडियाप्रभारी राजेश सिंह शेखू सिंह, नवयुवक मंडल के दुर्गेश सिह कुशाल सिंह तरुण सिंह, विवेक सिंह, विवश सिंह, विपिन सिंह ,सहित उर्मिला देवी अपने महिला टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अमित जोगी आज कवर्धा में

कवर्धा/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी कल कवर्धा प्रवास में रहकर जिला के विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

जनता कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मनोज बंजारे ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी जी गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम में पंडरिया, इंदौरी रगड़ा में पहुचेंगे उसके बाद कवर्धा विधानसभा के रग्घुपारा के कार्यक्रम में, नगर पंचायत बोड़ला में शोक परिवार से मुलाकात करेंगे। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करेंगे साथ ही पदाधिकारियों से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एवं आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा करेंगे ।इस बीच जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने दोनों विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

कांग्रेस सरकार के चार साल पूर्ण होने पर मनाया गौरव दिवस

नवागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार की 4 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नवागढ़ विधानसभा की ग्राम खटाई में भी गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जनता को बताया गया। यह आयोजन युवा विधानसभा अध्यक्ष आशीष राजपूत के नेतृत्व में किया गया। राजपूत ने बताया इन 4 सालों में प्रदेश सरकार ने किसानों से लेकर प्रदेश के गरीबों के लिए बहुत सारी महत्वपूर्ण योजनाएं निकालकर लोगों के समस्या का निराकरण किया है व लोगों के बीच में जा कर जाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का काम ही कांग्रेस की सरकार कर रही है जिसके लिए इस दिन को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।

पटवारी मुख्यालय से रहते हैं गायब, लोग परेशान

- छुईखदान में पटवारी नहीं रहते मुख्यालय में
- किसान और छात्र कामों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं

छुईखदान/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 3 वर्ष से अधिक समय तक पदस्थ पटवारियों को उनके हल्का से हटाकर किसी अन्य हल्का पर पदस्थ करने का निर्णय लिया है, जिसके वजह से सभी पटवारी हल्का में नए-नए पटवारियों का पदस्थापना हुआ हैण् छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत उदयपुर में पटवारी के बैठने के लिए पटवारी भवन भी बना है, परंतु आज तक एक भी दिन पटवारी भवन में ना बैठकर नदारद रहते हैं, जिससे किसान परेशान रहते हैं। किसानों की समस्या को देखते हुए जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस गुलशन तिवारी व विधायक प्रतिनिधि तहसील कार्यालय छुईखदान ने तहसीलदार को आग्रह किया था कि सभी पटवारियों को उनके हल्का मे रहकर किसानों का सहयोग करेंगे। तहसील कार्यालय से सभी पटवारियों को आदेश भी किया जा चुका है कि पटवारियों को अपने हल्का पर ही रहकर किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं का निराकरण करना है, परंतु इसके बावजूद पटवारियों के द्वारा अपने हल्का पर ना रहकर तहसील कार्यालय या अपने निवास में रहकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उदयपुर हल्का क्षेत्र के आसपास बोरई साल्हेकला खैरी पद्मावतीपुर पटवारी हल्का है, सभी हल्का में पटवारी अपने हल्का में न रहकर तहसील कार्यालय या अपने निवास से ही कार्य संचालन कर रहे हैं।

वनांचलवावासी ज्यादा परेशान

वैसे तो पूरा छुईखदान क्षेत्र पटवारियों के काम काज से परेशान है, जिसमें सबसे ज्यादा वनांचल, भावे, भोथली, सरोधी, बकरकट्टा, समुंदपानी, कुम्हड़वाड़ा, गेरूखदान के पटवारी तो महीना में एकाध मर्तबा दर्शन दे दिए तो भगवान मालिक है। नहीं तो उनके दर्शन के लिए महीनों लग जाता है। पिछले दिनों छात्र-छात्राओं के लिए लगाए कैंप भी असफल रहा। इस संबंध बैगा आदिवासी आयोग के जिला अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि हमारे क्षेत्र के आदिवासी बैगा समाज के लोगों को गिरदावरी जैसे कार्य करवाने में भी परेशानी हुई।

पटवारियों की लापरवाही का सजा भुगत रहे हैं किसान

पूर्व में हुए गिरदावरी में धान के फसल को सोयाबीन और सोयाबीन के फसल को धान कर दिया गया है। अब धान बिक्री के समय किसानों को पटवारियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे किसान बहुत परेशान हो रहे हैं, यह कहना गलत नहीं होगा कि पटवारियों की गलती की सजा किसान भुगत रहे हैं।

क्या कहते किसान व ग्रामवासी

हम तो पता भी नहीं है हमारा पटवारी कौन है, इससे पहले तो कम से कम पटवारी दिख भी जाता था।

टेटकू राम साहू, ग्रामीण-उदयपुर

मुझे अपना आय प्रमाण पत्र बनवाना है। मैं 85 प्रतिशत से भी अधिक दिव्यांग हूं, परंतु हमारा पटवारी कौन है पता नहीं होने की वजह से मेरा आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है।

भुनेश यादव, ग्रामीण-उदयपुर

सभी पटवारीयों को सप्ताह में 2 दिन अपने हल्के में रहकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है, जो भी पटवारी अपने हल्के पर 2 दिन नहीं रहेंगे, उनके ऊपर कार्यवाही होगी।

नेहा धुर्वे, तहसीलदार-छुईखदान

जयंती में एक बुराई को त्यागने का भी लेना चाहिए संकल्प : गुरुदयाल बंजारे

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम अकोली, मगरघटा और खपरी के गुरुघासीदास जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। संसदीय सचिव ने जैत खाम में पूजा अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया। समाज के युवाओं के द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा की बाबा जी के आशीर्वाद से ही हम सब यहां एकत्रित हुए है, उनका आशीर्वाद क्षेत्रवासियों पर बना रहे क्षेत्र में खुशहाली हो यही बाबा जी से कामना है। बाबा जी के साथ साथ आप सब के भी आशीर्वाद लेने आया हु।

श्री बंजारे ने कहा की गुरुघासीदास बाबा जी के संदेश मनखे मनखे एक समान और सत्य अहिंसा के मार्ग को अपनाने का कार्य हमे करना है। खास कर युवा साथियों को बाबा जी के बताए मार्ग पर चल कर समाज को और आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए तभी बाबा जी के जयंती का महत्व है।हमारे क्षेत्र में दिसम्बर आते ही माहौल धार्मिक हो जाता है पूरा महीना गुरु पर्व के रुप मे मानते है। आज जयंती कार्यक्रम में सतनामी समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी जयंती मनाते है ऐसे आयोजन से हमारे बीच भाई चारे की भावना आती है जिससे आपसी मतभेद खत्म होता है। बाबा जी के आराधना के साथ हमे हर जयंती में एक बुराई को त्यागने का भी संकल्प लेना चाहिए। अच्छाई को अपना कर बुराई को त्यागने का काम करना है। अगर हम ऐसा करते है तो समाज मे अपना अलग स्थान बनाते है।

मांग पर की घोषणा

सतनामी समाज के मांग पर ग्राम अकोली के युवाओं को वाद्य यंत्र के लिए 50 हजार ग्राम मगरघटा में सतनामी समाज के मांग पर रंग मंच के लिए 3 लाख और ग्राम खपरी बी में सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख देने की घोषणा की। जयंती समारोह में देवेंद्र साहू, मंगल दास, बालाराम, फगू राम, नेतराम कुर्रे, देवा जांगड़े, जगदीश साहू, हरीश चंदेल, मेहरू चंदेल, यशवंत चंदेल, मोहनू निषाद उपस्थित थे।

बाबा गुरु घासीदास का जीवन दर्शन और विचार आज भी प्रासंगिक है : छन्नी

- विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मनाई गई जयंती

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सतनाम धर्म के प्रणेता संत बाबा गुरु घासीदास की 266वीं जयंती के आयोजनों में खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू शामिल हुईं। सामाजिकजनों के बीच विधायक श्रीमती साहू ने उनके उपदेशों और शिक्षा को याद किया। उन्होंने कहा, मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कापा, जरहा महका और रामपुर में आयोजित इन कार्यक्रमों में सामाजिकजनों ने मुख्य अतिथि के रुप में विधायक छन्नी साहू का स्वागत किया। इन आयोजनों में जैतखाम में ध्वज फहराकर व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

समाज के बीच अतिथि के रुप में मौजूद विधायक श्रीमती साहू ने यहां अपने संबोधन में कहा कि, छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर 18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास जी का रायपुर जिले के गिरौद में अवतरण हुआ। उन्होंने मानवीयता की जो अलख जगाई उसने समाज पर गहरा प्रभाव डाला है।

श्रीमती साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश दिया। यानि सभी मनुष्य एक समान हैं। गुरु घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया, उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं। इस संप्रदाय के लोग उन्हें अवतारी पुरुष के रूप में मानते हैं। गुरु घासीदास के मुख्य रचनाओं में उनके सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है।

इन आयोजनों के दौरान जिला पंचायत सदस्य रामछत्री चंद्रवंशी, जनपद सदस्य विपिन यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री चुमन्न साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव अमित अग्रवाल, अध्यक्ष जिला आदिवासी कांग्रेस लादूराम तुमरेकी, देहारू मालेकर, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंजलि धावडे, ग्राम कांपा सरपंच चैती भाई जोशी, ग्राम जरहा महका सरपंच घनश्याम साहू, सरपंच थान सिंह कंवर, उपसरपंच सुखनंदन साहू सहित सीताराम साहू, प्रताप धावड़े, नरेंद्र निर्मलकर, विजय मालेकर, मनोहर कोसमा, जेठूराम साहू, माधव दास, निर्मल साहू, मोतीराम साहू, जेठू साहू, गोपी राम उइके, भरोसा राम ठाकुर, आसाराम ठाकुर, काशीराम साहू, हेमंत साहू, राधे जोशी, रतनलाल बघेल, राम हेमलाल बघेल, मुरली प्रसाद यादव, दुखीराम, परदेसी राम, रजवंतीन बाई, पूर्णिमा बाई, राधेलाल, ऋषि राम, भोजराम भारती, ईश्वर लहरे, भुवन बग्गा, लतेल राम चंद्रवंशी, पवन सिन्हा, धीराजी राम चंद्रवंशी, कनस राम, मेहता चंद्रवंशी, विश्वनाथ, दुकालू राम साहू, कोमल साहू, शत्रुघ्न साहू, सेठू राम साहू, पूरन साहू, चुम्मन सेन, विक्रम साहू, रामलाल गजेंद्र, तुलाराम सिरमौर, भगवान दास, अरुण कुमार सिरमौर, चमन लाल, चंदूलाल सिरमोर, लेखराम सिरमौर, तेजराम सिरमोर, रोहित लहरे, राजू लाल चंदेल, हेमंत चंदेल, मनोज बंजारे, मिलउ राम बांधे, मीलू बांधे, हेमराज, पुनेश्वर चंद्रवंशी, पूरन साहू, सरवन बांधे, महेश बांधे, दीपक बांधे, पन्नालाल बंजारे, कांता बांधे, मेघनाथ साहू, गणपत साहू, गणपत बांधे सहित अन्य उपस्थित थे।

जोन स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ

खैरागढ़ छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए ग्राम स्तर से शुरू कर प्रदेश स्तर तक रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में ग्राम बोरई में छत्तीसगढ़ी जोन स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस गुलशन तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ गुलशन तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को संभालने सहेजने के साथ-साथ उनका सम्मान करने का कार्य कर रही है राम वनपथ गमन के निर्माण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने के लिए रामायण प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया जा रहा है रामायण प्रतियोगिता दो दिवसीय 21 दिसंबर 22 दिसंबर को रखा गया है बोरई जोन के अंतर्गत कुटेलीखुर्द खैरी सीलपट्टी पद्मावतीपुर खपरी दरबार उदयपुर आमाघाट कादा कोटरा सुराडबरी मैंहर कुटेलीकला व सालहेकला को रखा गया है ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात जोन स्तर पर कराया जा रहा है जोन स्तर के विजेता मंडलियों को ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा समापन कार्यक्रम 22 दिसंबर को खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

तुलसी पूजन दिवस मनाया

नवागढ़/नवप्रदेश। रॉयल पब्लिक स्कूल नवागढ़ में गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें संचालक प्रमोद साहू के द्वारा तुलसी के विभिन्न लाभों के बारे में बच्चों को बताया गया और सभी बच्चों को 25 दिसंबर के दिन अपने घरों में तुलसी पूजन दिवस मनाने को कहा गया।

एलजी ने विभिन्न आकर्षक ऑफर्स के साथ अपने नए सीजन के जश्न की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी), भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने होम अप्लायंसेज और होम एंटरटेनमेंट श्रेणियों में एलजी उत्पादों की खरीद पर विशेष सौदों और सुनिश्चित उपहारों की पेशकश करते हुए 'नए सीजन के जश्न' की घोषणा की। उपभोक्ता 15 से 31 दिसम्बर 22 तक इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

न्यू सीजन्स सेलिब्रेशन ऑफर उपभोक्ताओं को प्रभावशाली डील और 20% तक का कैशबैक प्रदान करता है। प्रस्ताव रुपये से एक निश्चित ईएमआई पर जोर देता है। 999 के बाद और घरेलू उपकरणों और मनोरंजन उत्पादों की खरीद के लिए 0 डाउन पेमेंट विकल्प। ग्राहकों को एक मुफ्त ईएमआई भी मिलेगी।

इस पर टिप्पणी करते हुए, श्री रोहित केशकामत (एमपीसीजी रीजनल बिजनेस हेड) ने कहा, 'हमने अपने घरों को अपग्रेड करने और नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए उपभोक्ताओं की मांग में वृद्धि देखी है। इस मांग को पूरा करने के लिए, हमारे नवीनतम ऑफर उपभोक्ताओं को अपने पसंदीदा एलजी उत्पाद को यहां से खरीदने में सक्षम बनाएंगे। पहले कभी नहीं देखी गई छूट। हमारा मानना है कि इस सौदे के फायदे हमारे उपभोक्ताओं को विभिन्न श्रेणियों में हमारे उत्पादों के प्रीमियम लाइनअप का अनुभव करने की अनुमति देंगे। हम आशान्वित हैं कि हमारे ग्राहक इन विशेष सौदों को अच्छी तरह से प्राप्त करेंगे।'

मूल्यांकन और हस्तक्षेप विषय पर सीआरसी में वेबीनार, प्रोफेशनल ने दिए टिप्स

- स्कूल जाने वाले बच्चों में बचपन संबंधी विकार
- विकृति के प्रकार, जांच और निदान के बारे में 200 रिहैबिलिटेशन प्रोफेशनल के बीच हुई चर्चा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्कूल जाने वाले बच्चों में बचपन संबंधी विकार, मूल्यांकन और हस्तक्षेप विषय पर कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में दो दिवसीय कंटीन्यूइंग रिहैबिलिटेशन एजुकेशन (सीआरई) कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से 200 रिहैबिलिटेशन प्रोफेशनल शामिल हुए। इस दौरान विकार के लक्षण, कारण तथा इससे बचाव के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगता सशक्तिकरण संस्थान के अधीन संचालित समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव के द्वारा सीआरसी में यह दो दिवसीय कार्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के नियमानुसार आयोजित किया गया। सीआरई वेबीनार का शुभारंभ निदेशक कुमार राजू ने किया। इस अवसर पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव एवं पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी, रायपुर के विभिन्न रिहैबिलिटेशन प्रोफेशनल के द्वारा स्कूल जाने वाले बच्चों में बचपन संबंधी विकारः मूल्यांकन और हस्तक्षेप के विषय जैसे- बचपन संबंधी विकार क्या है, इसके होने के कारण एवं लक्षण, बौद्धिक अक्षमता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, चिंता विकार, निराशाजनक बीमारी क्या हैं, बच्चों को देखकर इसकी कैसे पहचान कर सकते हैं तथा इस प्रकार के बच्चों का विभिन्न प्रकार के चिकित्सकीय एवं हस्तक्षेप कर रोकथाम करने के विषय में सारगर्भित चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहाः बचपन संबंधी विकार की पहचान बच्चों द्वारा घर और स्कूल में किए जाने वाले व्यवहार को देखकर भी की जा सकती है। वहीं विकार का पता लगने की स्थिति में पीड़ित बच्चे का उपचार कराकर इस विकृति की रोकथाम की जा सकती है। बचपन संबंधी विकार के कारण होने वाली मनोवैज्ञानिक समस्याएं और व्यावहारिक परिवर्तन का निदान सायकोलॉजिस्ट, विशेष शिक्षक एवं पालकों की टीम बनाकर कार्य करने से भी किया जा सकता है। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्त होने के अन्य प्रभावशाली उपायों की जानकारी दी गई।

वेबीनार में सीआरसी राजनांदगांव के मनोवैज्ञानिक विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीदेवी गोडिशाला ने सीखने की दिव्यांगता से पीड़ितों की सहायता के लिए केंद्र और राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं (एडीआईपी /एसआईपीडीए) तथा किरण यानी भारत सरकार के 24ग7 टोल फ्री मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास नंबर. 1800-599-0019 की जानकारी दी। उन्होंने कहाः इस वेबीनार में दी गई जानकारी से प्रतिभागी को अपने क्षेत्र में दिव्यांगजन का जीवन स्तर ऊंचा उठाने में सहायता मिलेगी। सीआरई वेबीनार के सभी सत्र के बाद भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के नियमानुसार प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया, ताकि प्रतिभागियों का आत्मबल बढ़ाया जा सके।

इस वेबीनार को सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञानिक विभाग) श्रीदेवी गोडिशाला, सहायक प्राध्यापक राजेंद्र कुमार प्रवीण, विशेष प्रशिक्षक प्रसादी कुमार महतो, विशेष शिक्षा विभाग के निधि राजन तथा समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव एवं पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटीए रायपुर के कई रिहैबिलिटेशन प्रोफेशनल ने भी संबोधित किया और सीखने की दिव्यांगता से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

कल राजधानी रायपुर पहुंचेगी हॉकी वर्ल्डकप ट्रॉफी, भव्य स्वागत की तैयारियां

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 24 दिसंबर को हॉकी वर्ल्ड ट्रॉफी का ढोल नगाड़े से स्वागत किया जाएगा. ट्रॉफी को देशभर के 16 राज्यों में घुमाया गया है. इन राज्यों में जोर शोर से ट्रॉफी का स्वागत किया गया है. कर्नाटक के बाद ट्रॉफी अब छत्तीसगढ़ पहुंचने वाली है. इसके लिए छत्तीसगढ़ में बड़ी स्तर पर तैयारी की जा रही है. रायपुर एयरपोर्ट से खिलाड़ी ट्रॉफी के स्वागत में नाचते गाते मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे. वहीं मुख्यमंत्री निवास में ही स्वागत का मुख्य कार्यक्रम रखा गया है. इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ट्रॉफी का अनावरण करेंगे. दरअसल छत्तीसगढ़ की पड़ोसी राज्य ओडिशा में 13 से 29 जनवरी 2023 तक एफ आईएच ओडिशा मेन्स वर्ल्ड कप आयोजित किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता के मैच भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जायेंगे. वहीं हॉकी वर्ल्ड ट्रॉफी के

रायपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में, ट्रॉफी के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. मुख्यमंत्री निवास में सुबह 10 बजकर 30 मिनट से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हॉकी वर्ल्ड ट्रॉफी का अनवारण करेंगे।

ट्रॉफी का अंतिम पड़ाव है छत्तीसगढ़

स्वागत कार्यक्रम के बाद ट्रॉफी को रैली के रूप में शहर के नेताजी सुभाष स्टेडियम ले जाया जाएगा. वहां से शहर के एक बड़े मॉल और तेलीबांधा मरीन ड्राइव में आम जनता के लिये प्रदर्शन के लिए ले जाया जाएगा. इसके बाद यह ट्रॉफी विश्व कप आयोजन स्थल भुवनेश्वर के लिये रवाना होगी. वहीं इस आयोजन में भारी भीड़ लगने की उम्मीद जताई जा रही है.

ट्रॉफी 24 को सुबह 9 बजे रायपुर पहुंचेगी

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह पहला मौका है, जब हॉकी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी रायपुर आ रही है. इसके पहले 23 दिसंबर 2022 को फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा स्टेडियम बेंगलुरू (कर्नाटक) में एक भव्य समारोह में ट्रॉफी को छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी को सौंपा जाएगा. अंसारी बेंगलुरू से यह ट्राफी लेकर सुबह 9 बजे फ्लाइट से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुचेंगे, जहां बाजे-गाजे के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया जाएगा. सभी खिलाड़ी और खेल संघ के पदाधिकारी वहां से ट्रॉफी को लेकर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर मुख्यमंत्री निवास पहुचेंगे.

पलारी को एसडीएम कार्यालय, उप तहसील और नगर पंचायत की सीएम ने दी सौगात

छात्रों की मांग पर शिक्षिका का स्थानांतरण निरस्त, 52 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात के लिए कसडोल विधानसभा अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत ओड़ान पहुंचे। सीएम ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं राज्य गीत से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। सीएम ने जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 31 मार्च से पहले खाते में पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि कोदो कुटकी, रागी की खरीदी भी हमने शुरु की। एमएसपी के अंतर राशि को किसी तरह से देना था, भारत सरकार का दबाव था कि धान का बोनस देने पर आपका चावल नहीं खरीदा जायेगा। सरकार ने भले घाटा सहा, पर अपने किसानों का घाटा नहीं होने दिया हमने। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम लाहोद में 52 करोड़ 41 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 39 करोड़ 31 लाख रुपए लागत के 21 कार्यों का लोकार्पण और 13 करोड़ रुपए से अधिक के 25 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं।

शिक्षिका का ट्रांसफर रोकने की मांग

कसडोल विधानसभा के ग्राम लाहोद में भेंट मुलाकात के दौरान स्कूल के छात्र भेसराम पटेल और अन्य छात्रों ने पैजनी के स्कूल से स्थानांतरित शिक्षिका ममता राठौर के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्रवाई हेतु कलेक्टर को निर्देशित किया है। वहीं स्वामी आत्मनंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्र कृष वर्मा ने बताया कि निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षा से हम गरीब छात्रों को भी अवसर मिला। कृष वर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह 3डी प्रिंटर भी डिजाइन की है। इसी तरह कक्षा 7वीं की छात्रा भूमि वर्मा ने अंग्रेजी में अपना परिचय बताते हुए कहा कि बेहतर पढ़ाई के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन स्कूल में किया जा रहा है। महतारी दुलार योजना के तहत उन्हें 5 हजार रुपए प्रति वर्ष भी मिलता है।

श्रमिक के घर खाना खाने पहुंचे सीएम

लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विधानसभा के लाहोद पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वहां के लघु कृषक और श्रमिक अघनू कोसले के घर भोजन किया। इस अवसर पर श्री कोसले के घरवालों ने मुख्यमंत्री का आरती एवं तिलक कर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उनके घर लाल भाजी, पालक भाजी, कुसुम भाजी, सिल-बट्टे में पिसे हुए टमाटर की चटनी, नवलगोल- मटर और आलू-भाटा-रखिया बड़ी का स्वाद लिया। भोजन के उपरांत वे श्री कोसले के परिवार के सभी सदस्यों से मिले और उन्हें उपहार भी दिया।

भेंट-मुलाकात के दौरान लाहोद में की गई घोषणाएं

1. खटियापाटी में मल्लिन नाला पर पुल निर्माण कराया जायेगा
2. पुटपुरा - घिरघोला- दौनाझर मार्ग लंबाई 3.20 किमी (पुल-पुलिया सहित) का निर्माण कराया जायेगा
3. चिरचिदा से कसियारा मार्ग लंबाई 2.55 किमी का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कराया जायेगा
4. प्राथमिक शाला हरदी का पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन किया जायेगा
5. शास. हाई स्कूल ग्राम खर्री एवं देवरीकला में भवन निर्माण कराया जायेगा
6. लवन व लाहोद में अधोसंरचना विकास हेतु 40-40 लाख रूपए प्रदान किया जाएगा
7. लवन नगर पंचायत में खेल परिसर का निर्माण
8. कसडोल के बलार बांध का नामकरण पूर्व मंत्री कन्हैया लाल शर्मा के नाम पर किया जाएगा
9. कसडोल शहर की फोरलेन सड़क पर डिवाइडर निर्माण और विद्युतीकरण किया जाएगा
10. डमरू उदवहन सिंचाई योजना की घोषणा
11. लाहोद में विद्युत वितरण केन्द्र और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की घोषणा

ओडान में सीएम द्वारा की गई घोषणाएं

1. विकासखंड पलारी के अमेठी में महानदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।
2. जारा परसवानी के मध्य नाले पर पुल निर्माण कराया जायेगा।
3. दतान से परसाडीह नाला में पुल निर्माण कराया जायेगा।
4. ग्राम मोहान में तटबंध निर्माण कार्य कराया जायेगा।
5. ग्राम छेरकापुर में पशु औषधालय खोला जायेगा।
6. शास. हाय. स्कूल तेलासी का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया जायेगा।
7. प्राथमिक शाला खपरी (बैजनाथ) को पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन किया जायेगा।
8. शास. हाई स्कूल ग्राम सुन्द्रावन एवं छडिया हेतु नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण कराया जायेगा।
9. ग्राम ओड़ान में अधोसंरचना विकास हेतु 50 लाख रुपए प्रदाय की जायेगी।
10. ग्राम सण्डी में उप तहसील कार्यालय हेतु भवन का निर्माण कराया जायेगा।
11. ग्राम रोहांसी को नगर पंचायत।
12. ओडगन में 33 केवी सब स्टेशन के स्थापना की घोषणा।
13. ओडान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की घोषणा।
14. पलारी में एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा।

दोस्तों ने नंगा कर पीटा, युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई में एक युवक ने अपने दोस्तों से नौकरी लगवाने के लिए ठग को रुपए दिलवा दिए थे। नौकरी नहीं लगने और रुपए वापस नहीं करने से नाराज दोस्तों ने युवक को नंगा कर बेहरमी से पिटाई कर दी। इससे दुखी होकर लड़के ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। भिलाई नगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि मामला भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 5 स्थित वार्ड 45 का है। यहां रहने वाले जनक लाल ठाकुर (31 साल) का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला है। पुलिस ने बताया कि गुंडरदेही निवासी ताम्रध्वज साहू ने जनक लाल की नौकरी लगवाई थी। इसके बाद जनक लाल ने अपने दोस्तों की भी नौकरी लगवाने के लिए ताम्रध्वज से मिलवाया था। उसके दोस्तों ने ताम्रध्वज साहू को रुपए दे दिए। लेकिन रुपए देने के बाद भी जब उनकी नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने रुपए वापस करने की मांग की। जनक लाल ने ताम्रध्वज से रुपए वापस करने बोला तो वह उसे घुमाने लगा। इसके बाद ताम्रध्वज अचानक कहीं चला गया। दो महीने से उसका कोई पता नहीं चलने और रुपए वापस नहीं करने से उसके दोस्त गुस्से में थे। उन्होंने जनक लाल को एक कमरे में बंद किया और नंगा कर जमकर पीटा और रुपए नहीं देने पर फिर पिटाई करने की बात कही। दोस्तों के रुपए नहीं लौटाने और बार-बार प्रताड़ित होने के चलते जनक लाल ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

घटना के दिन भी दोस्तों ने उसे नंगा कर पीटा

पुलिस की जांच में जनक लाल के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने दोस्तों की ओर से रुपए वापस करने के लिए दबाव बनाने की बात बताई। उन्होंने बताया कि जनक लाल रोज सुबह घर से टिफिन लेकर ताम्रध्वज साहू को खोजने निकल जाता था। वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। उसके दोस्त उसे रुपए वापस नहीं करने को लेकर आए दिन मारते थे। परिजनों ने बताया कि जनक लाल ने कुछ दिन पहले बताया था कि रुपए नहीं देने पर उसके दोस्तों ने उसे नंगा करके पीटा था। लड़कों ने बुधवार को भी जनक को पिटाई की थी। इसके बाद उसने घर जाकर फांसी लगा ली। पुलिस अब उन दोस्तों की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी दोस्तों का नाम नहीं

आज से छत्तीसगढ़ के स्कूलों में 6 दिनों का शीतकालीन अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़ती ठंड को देखते हुए राज्य सरकार ने शीतकालीन छुट्टी का ऐलान कर दिया है. भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा, बस्तर और बिलासपुर संभाग में लगातार जारी भीषण ठंड के प्रकोप को देखते हुए यह फैसला लिया है. प्रदेश सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शीतकालीन छुट्टी के ऐलान का फैसला स्कूली बच्चों को ठिठुरन से बचाने और ठंड की चपेट में आने से उन्हें बचाने के मकसद से लिया गया है. छत्तीसगएढ़ सरकार के फैसलों के मुताबिक स्कूली बच्चों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि महीने के आखिर में छात्र-छात्राओं को एकमुश्त छुट्टी मिलने जा रही है. शिक्षा विभाग ने 6 दिनों का शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है. प्रदेश के सभी स्कूलों में 23 से 28 दिसंबर तक शीतकालीन छुट्टी रहेगी. वहीं, केंद्रीय विद्यालयों में 22 दिसंबर से 01 जनवरी 2023 तक दस दिनों की छुट्टी रहेगी.

आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है ठंड

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से ठंड में लगातार बढ़ोतरी जारी है. छत्तीसगढ़ का सरगुजा, बिलासपुर और बस्तर संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. लोगों के ठिठुरन और गलन का सामना करना पड़ रहा है. इसी के साथ छत्तीसगढ़ में शीतलहर का भी आगमन हो गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में ठंड और बढ़ सकती है.

महिला क्लर्क का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, कलेक्टर ने किया सस्पेंड

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण इलाके के भोले-भाले लोगों से काम कराने के एवज में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राशि वसूलने की खबरें आ रही हैं. सरकार लाख हिदायत देती है कि अधिकारी-कर्मचारी किसी भी फरियादी से काम कराने की एवज में रुपए की मांग नहीं करेंगे, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इसके बावजूद ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं. ग्रामीणों से काम कराने के एवज में अवैध तरीके से राशि वसूली करने की खबरें लगातार सामने आती रहती हैं. इसमें कई मामलों में कार्रवाई होती है, जबकि कई मामले पैसे देकर रफा-दफा कर दिए जाते हैं. ऐसा ही एक मामला सूरजपुर जिले में सामने आया है. यहां एक महिला क्लर्क (बाबू) का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ. जिसके बाद कलेक्टर ने एक्शन लेते हुए उक्त महिला क्लर्क को सस्पेंड कर दिया है. दरअसल, जिले के पिलखा तहसील में पदस्थ क्लर्क ने प्रतिबंधात्मक मामले में जेल गए युवक का केस खत्म करने के एवज में 1500 रुपए की मांग की थी और युवक ने रुपए दे दिए और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया. वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर सूरजपुर कलेक्टर इफ्फत आरा ने कार्रवाई की है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने मुकेश नाम के युवक पर प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत कार्यवाही की थी. यह मामला पिलखा तहसील की कोर्ट में चल रहा था. कोर्ट में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (बाबू) रीता झा ने केस खत्म करने के एवज में 1500 रुपए मांगे थे. मुकेश ने क्लर्क को रुपए देते हुए वीडियो बना लिया था और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया.

रायपुर के सर्जन ने मुंबई के अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सफल सर्जरी की

- **12 घंटे लंबी चली ट्रांसप्लांट सर्जरी में मां ने बेटे को लीवर डोनेट किया**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सर्जन डॉ स्वप्निल शर्मा जो अब मुंबई के प्रसिद्ध डॉ एल एच हीरानंदानी अस्पताल में पूर्णकालिक सलाहकार और प्रमुख - लिवर प्रत्यारोपण और एचबीपी सर्जन हैं उन्होंने हाल ही में 16 वर्षीय युवा पर एक महत्वपूर्ण एबीओ असंगत यकृत प्रत्यारोपण सर्जरी की और युवा को नया जीवन दिया। जब युवा मरीज को मुंबई के एल एच हीरानंदानी अस्पताल में लाया गया, विल्सन की बीमारी के साथ 10 वीं कक्षा के छात्र को पीलिया, जलोदर से भरा पेट, पूरे शरीर में सूजन और बार-बार होने वाले संक्रमण सहित कई जटिलताएँ थीं, पूरी तरह से नैदानिक मूल्यांकन के बाद उन्हें लिवर प्रत्यारोपण के लिए काम किया गया और कैडेवरिक डोनर लिवर ट्रांसप्लांट के लिए सूचीबद्ध किया गया। दुर्भाग्य से, उनके परिवार में लिवर डोनेशन के लिए कोई ब्लड ग्रुप मैचिंग डोनर नहीं था । मरीज का ब्लड ग्रुप बी + वी था और उसकी मां का ब्लड ग्रुप एबी + वी था।

मरीज ने अपनी एंटीबॉडी उत्पादक कोशिकाओं को कम करने के लिए दवा प्राप्त की फिर रक्त में एंटीबॉडी को कम करने के लिए कई प्लाज्मा एक्सचेंज किए गए। उचित अनुकूलन के बाद रोगी को लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए ले जाया गया। सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी। मरीज की लीवर की स्थिति बहुत खराब थी। उनके प्लेटलेट्स बहुत कम थे और उनके पेट में बहुत सारे संपार्श्विक थे जो रक्तस्राव के जोखिम को बढ़ाते हैं। रोगी के सिरोटिक यकृत को हटाने के बाद, उसकी माँ का दाहिना लोब उसके शरीर में प्रत्यारोपित किया गया। लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी को पूरा करने में करीब 12 घंटे लगे। पोस्ट-ऑपरेटिव अवधि में, दैनिक एंटीबॉडी टाइटर की जाँच की गई। पोस्ट ऑपरेटिव अवधि में उन्हें प्लाज्मा एक्सचेंज की आवश्यकता नहीं थी और सर्जरी के बाद बहुत अच्छी तरह से ठीक हो गए।

Designo Plus
A COMPLETE SOLUTION FOR TILES
डिजाइनो प्लस
सम्पूर्ण टाइल्स एवं सैनिटरी आइटम का रेंज –
- फ्लोर टाइल्स
- वॉल टाइल्स
- रोफिंग टाइल्स
- इल्वेसन टाइल्स
- पेवर ब्लॉक
- कट वर्क
- डिजाइनर टाइल्स
- सैनिटरी टाइल्स
- सीपी फिटिंग
- टाइल्स एडहेसिव (टाइल चिपकने वाला)
- जाली इलेवेशन

फस्ट फ्लोर रजा काम्पलेक्स मार्बल मार्केट, पचपेड़ी नाका रायपुर (छ.ग.) मो. - 9302762789

आपके शहर धमतरी में रायपुर के सुप्रसिद्ध होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक विशेषज्ञ
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी.)
डॉ. एस. चौरसिया (एम.एस.) छार सूत्र विशेषज्ञ
परामर्श हेतु महीने का पहला एवं तीसरा बुधवार
तारीख : 21-12-2022, बुधवार
समय : प्रात : 10:00 से 03:00 बजे तक
आसाध्य रोग मिटाओ अभियान
गुदा रोग : पाईल्स, फिशर, भगंदर, साईनस। गुदा मार्ग पर जलन, मवाद एवं खून आना।
गठियावात : गर्दन, कमर, सायटिका, ऐड़ी दर्द, कंधा, टेनिस एल्बो, L4-L5 नसों का दबना संपूर्ण निदान।
मूत्र रोग : पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब नली पर सिकुड़न।
पता : विजय मेडिकोज
महावर धर्मशाला के सामने, A to Z Sale के बाजू, रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)
Mob.: 96306-34468, 94060-04581

अनमोल हेल्थ केयर
(इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र)
जटिल एवं असाध्य रोगों (पुरानी बिमारियों) का वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार
कैंसर, थाइराइड, मनोरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मिर्गी, अस्थमा, रक्त की कमी, रक्त विकार, गुर्दे रोग, त्वचा रोग, बांझपन, नशामुक्ति, टी.बी. कुष्ठरोग, हार्मोन्स समस्या जिगर/लिवर रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, लकवा रोग, स्त्री रोग (PCOD/PCOS), पैरों/नसों/ कमर/जोड़ो में दर्द की समस्या, सफेद दाग, वजन कम करना / बढ़ाना, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि।
मिलने के लिए अग्रिम पंजीयन करा कर आयें - 9098472777

RUTVA TILES
9754740518
8815105801
रूतवा टाईल्स रायपुर
शो–रूम
फ्लोर, वॉल, विट्रीफाईड टाईल्स ग्रेनाईट, फर्शी पत्थर, सेनेटरी एण्ड बॉथ फिटिंग के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
संबंधित प्रतिष्ठान :
- रूतवा सिरामिक्स मोरबी (गुजरात)
- न्यू रूतवा सिरामिक्स कांकेर
- रूतवा टाईल्स कोण्डागांव
- रूतवा टाईल्स जगदलपुर
- रूतवा टाईल्स नगरी
- रूतवा टाईल्स दुर्ग
- रूतवा टाईल्स बालोद
- रूतवा टाईल्स कवर्धा
- रूतवा टाईल्स दंतेवाड़ा
- रूतवा टाईल्स रांची (झारखण्ड)
- रूतवा टाईल्स कटहलमोड़
- रूतवा टाईल्स दलादली
साईं मोटर्स के सामने, अमलीडीह मोड़, नया धमतरी रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) 492001